मंगलवार, 17 मार्च 2026

मौसम
तापमान 22 – 32
आर्द्रता 68%
सूर्योदय: 05:45 सूर्यास्त: 17:46

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : गलत इंसान की आवाज ऊंची होती है और सही इंसान का व्यक्तित्व।



टेस्ट खेलना चाहूंगा लेकिन टी20 में 'हाथ सेट है' : सूर्यकुमार पृष्ठ 8





RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


# ममता बनाम सुवेंदु

## भाजपा ने जारी की 144 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

**नई दिल्ली/ कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी दल ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। सूची में कुल 144 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई है, जिनमें 99 सामान्य (अनारक्षित) सीटें, 32 अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षित सीटें और 13 अनुसूचित जनजाति (एसटी) आरक्षित सीटें शामिल हैं। इस सूची में एक महत्वपूर्ण मुकाबला भवानीपुर विधानसभा सीट से देखने को मिलेगा, जहां नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरेंगे। राजनीतिक दृष्टि से यह मुकाबला काफी अहम माना जा रहा है। उधर नैहाटी विधानसभा सीट से प्रसिद्ध साहित्यकार बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के परिवार से जुड़े सौमित्र चट्टोपाध्याय को उम्मीदवार





बनाया गया है। बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने ही देश का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् रचा था। घोषित उम्मीदवारों में सामाजिक और पेशेवर विविधता भी देखने को मिलती है। इनमें 62 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से, 20 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से, 48 अनुसूचित जाति से और 14 अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। उम्मीदवारों में 41 वर्तमान विधायक, 3 पूर्व विधायक और 2 पूर्व सांसद भी शामिल हैं। पेशे के आधार पर सूची में 23 शिक्षक, 8 समाजसेवी, 6 अधिवक्ता, 5 चिकित्सक, 3 पत्रकार, 3 आध्यात्मिक नेता, 3 सेवानिवृत्त सैनिक, 1 सामाजिक आंदोलनों से जुड़े प्रमुख व्यक्ति, 1 क्रिकेटर, 1 सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी और 1 लोकगायक को भी टिकट दिया गया है। पार्टी ने महिलाओं और युवाओं को भी प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। कुल 11 सीटों पर महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है, जबकि 40 वर्ष से कम आयु के 36 युवा उम्मीदवारों को भी मौका मिला है। उम्र के आधार पर देखें तो 72 उम्मीदवार 41 से 55 वर्ष आयु वर्ग में, 32 उम्मीदवार 56 से 70 वर्ष के बीच हैं, जबकि 70 वर्ष से अधिक आयु के केवल 4 उम्मीदवार ही मैदान में उतारे गए हैं। पार्टी नेताओं का कहना है कि उम्मीदवारों का चयन सामाजिक प्रतिनिधित्व, अनुभव और युवा नेतृत्व के संतुलन को ध्यान में रखते हुए किया गया है। वहीं सत्ताधारी पार्टी तृणमूल आज अपनी सूची जारी करने जा रही है।

पृष्ठ 3

# सबकुछ बदल देने पर भी नहीं बदलेगी सरकार : ममता

## मुख्यमंत्री ने बंगाल के मुख्य व गृह सचिव एवं शीर्ष पुलिस अधिकारियों को हटाने को लेकर चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**कोलकाता :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ घंटे बाद ही बंगाल की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा, राज्य के पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडे व कोलकाता के पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार को पद से हटा दिए जाने को लेकर चुनाव आयोग पर कड़ा निशाना साधा है। सोमवार को रसोई गैस सिलिंडर की मूल्यवृद्धि के विरोध में सोमवार को कोलकाता में पदयात्रा करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा–'चुनाव आयोग ने एक पार्टी के कहने पर देर रात चुपके से मुख्य व गृह सचिव को हटा दिया। बंगाल सरकार से पूछना भी जरुरी नहीं समझा। मुझे रात एक बजे इसकी जानकारी मिली। पहले किसी को हटाने से पहले सरकार से उनके स्थान पर तीन नामों की सूची मांगी जाती थी। मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती बंगाली महिला है। यह भाजपा की बंगाली व महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा हिंदू व हिंदी विरोधी भी है। इससे पहले जिन्हें हटाया गया है, उनमें कई हिंदीभाषी हैं। हालांकि ऐसा करके भी कोई लाभ नहीं होने वाला है। बंगाल में सबकुछ



बदल देने पर भी सरकार नहीं बदलेगी।

### चुनाव के कारण सिलिंडर का कृत्रिम संकट पैदा कर रही भाजपा

ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव को देखते हुए रसोई गैस सिलिंडर का कृत्रिम संकट पैदा कर रही है। उसने जान–बूझकर रसोई गैस की आपूर्ति बंद की है और इसका दाम बढ़ाया है। दिल्ली में उसकी सरकार ने आम जनता को पहले नोटबंदी, फिर एसआइआर और अब रसोई गैस की लाइन में खड़ा करवा रही है। दूसरों को लाइन में खड़ा कराते–कराते वह एक दिन खुद ही लाइन से बाहर हो जाएगी।

### हिम्मत है तो मेरे घर पर हमला करके दिखाएं

मुख्यमंत्री ने कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में गत शनिवार को नरेन्द्र मोदी की ब्रिगेड रैली से पहले मंत्री शशि पांजा के घर पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा–'मैंने एक वीडियो देखा है, जिसमें कुछ लोग मेरे घर पर भी हमला करने की बात कर रहे हैं। अगर उनमें हिम्मत है तो ऐसा करके दिखाएं।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकनकर्ता सोशल मीडिया पर सूचना बिल्कुल भी साझा न करें: सीबीएसई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकनकर्ताओं को सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा,''बोर्ड के संज्ञान में आया है कि 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल कुछ व्यक्ति सोशल मीडिया मंच पर टिप्पणियां कर रहे हैं, राय व्यक्त कर रहे हैं और अनुभव साझा कर रहे हैं।

## सरकारी कर्मचारियों के बकाया डीए भुगतान पर राज्य सरकार की अधिसूचना जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के सरकारी कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ता (डीए) के भुगतान को लेकर अधिसूचना जारी की है। यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उठाया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों के साथ–साथ सेवानिवृत्त कर्मचारी, सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के शिक्षक–शिक्षाकर्मी, पंचायत, नगर निकाय तथा अन्य स्वायत्त संस्थाओं के कर्मचारी भी इसके दायरे में आएंगे। राज्य सरकार ने वर्ष 2008 से 2019 तक की अवधि के बकाया डीए का भुगतान चरणबद्ध तरीके से करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में जनवरी 2016 से दिसंबर 2019 तक की अवधि का बकाया भुगतान किया जाएगा। इसके तहत पहली किस्त मार्च में और दूसरी किस्त सितंबर 2026 में जारी की जाएगी। बकाया राशि की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीआई) के आधार पर की जाएगी। सरकार के निर्देश के अनुसार, ग्रुप ए, बी और सी श्रेणी के कर्मचारियों का बकाया डीए उनके जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ) खाते में जमा किया जाएगा, जबकि ग्रुप डी कर्मचारियों के बैंक खातों में राशि सीधे स्थानांतरित की जाएगी। साथ ही, जीपीएफ खाते में जमा राशि को 24 महीनों तक निकालने पर रोक रहेगी। हालांकि सेवानिवृत्ति, मृत्यु या इस्तीफे की स्थिति में यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

**अगर ईरान अपना रुख बदले तो हम युद्ध समाप्त करने के लिए तैंयारः इजराइली दूत रूवेन अजार**
पृष्ठ 7

## भारत ने ईरान से 550 से अधिक भारतीयों को निकाला, जयशंकर ने आर्मेनिया को धन्यवाद दिया



**नयी दिल्ली :** भारत ने आर्मेनिया के रास्ते ईरान से अपने 550 से अधिक नागरिकों को निकाला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को आर्मेनिया को पारगमन सुविधा प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष को देखते हुए, नयी दिल्ली ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों से आग्रह कर रही है कि वे सीमा पार कर आर्मेनिया की ओर आ जाएं, ताकि वहां से स्वदेश वापसी की सुविधा प्रदान की जा सके। वर्तमान में ब्रसेल्स की यात्रा कर रहे जयशंकर ने कहा, ''ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी में सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों को धन्यवाद।'' उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ''इस चुनौतीपूर्ण समय में उनके समर्थन के लिए हम आभारी हैं।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पिछले सप्ताह कहा था कि लगभग 9,000 भारतीय ईरान में रह रहे हैं, और भारत सरकार उन लोगों की पूरी सहायता कर रही है जो अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते स्वदेश लौटना चाहते हैं।

### होर्मुज के रास्ते भारतीय जहाजों के पारगमन के लिए ईरान के साथ कोई पूर्व समझौता नहीं

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय ध्वज वाले जहाजों के पारगमन के लिए भारत का ईरान के साथ कोई ''पूर्व निर्धारित समझौता'' नहीं है और ''प्रत्येक जहाज की आवाजाही एक अलग घटना है।'' 'फाइनेंशियल टाइम्स' को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि नयी दिल्ली और तेहरान के बीच हुई बातचीत के परिणामस्वरूप भारतीय ध्वज वाले दो टैंकर इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजर सके हैं। ब्रसेल्स में दिए गए साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा, ''मैं इस समय उनसे (ईरान) बातचीत कर रहा हूं और मेरी बातचीत से कुछ परिणाम निकले हैं। यह प्रक्रिया जारी है। अगर इससे मुझे परिणाम मिल रहा है, तो मैं स्वाभाविक रूप से आगे भी ऐसा करना जारी रखूंगा।''

### भारतीय तेल टैंकर आज पहुंचेगा भारत

बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने सोमवार को कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह बंदरगाह पर हमले के बावजूद सुरक्षित रवाना भारतीय ध्वज वाला कच्चे तेल का टैंकर मंगलवार को भारत पहुंचेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत क्षेत्र में फंसे अन्य भारतीय ध्वज वाले जहाजों को सुरक्षित निकलने का रास्ता साफ करने के लिए काम कर रहा है। सिन्हा ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात से लगभग 80,800 टन मुरबान कच्चा तेल ले जा रहा जहाज 'जग लाडकी' और उस पर सवार सभी 22 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। जग लाडकी उन 28 भारतीय जहाजों में से चौथा जहाज है जो पिछले दो हफ्तों से युद्धग्रस्त होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे हुए हैं।

## ओडिशा: अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग लगने से 10 मरीजों की मौत, 11 कर्मचारी झुलसे

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार द्वारा संचालित एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के आईसीयू में रविवार देर रात भीषण आग लगने से कम से कम 10 मरीजों की मौत हो गयी। घटना के बाद अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने के दौरान अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। मुख्यमंत्री ने छह सदस्यों की एक जांच टीम बनाई है, जो आग लगने की वजह की जांच करेगी और आज शाम तक अपनी रिपोर्ट देगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, विकास आयुक्त डी.के. सिंह की अगुवाई में बनी जांच टीम एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जाएगी और आज शाम तक मुख्य सचिव को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। माझी ने बताया कि आग शायद शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। एक अधिकारी ने बताया कि आग देर रात ढाई बजे से तीन बजे के बीच लगी और दमकलकर्मी तुरंत अस्पताल पहुंचे व आग बुझाने के लिए अभियान शुरू किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आग लगने की घटना में मरीजों की मौत पर शोक व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा कोष (पीएमएनआरएफ) से प्रत्येक मृत व्यक्ति के परिजन को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## आयोग ने अब डीजीपी, एडीजी और कोलकाता के सीपी समेत चार शीर्ष अधिकारियों को हटाया

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनावों की तिथि की घोषणा के साथ ही भारतीय निर्वाचन आयोग पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहा है। रविवार को राज्य में दो चरणों में मतदान की घोषणा के तत्काल बाद आयोग ने प्रशासनिक स्तर पर भारी फेरबदल करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव व गृह सचिव को उनके पदों से हटा दिया। इसके कुछ घंटे बाद आयोग द्वारा जारी ताजा आदेश के अनुसार, राज्य पुलिस की कमान अब सिद्धनाथ गुप्ता के हाथों में होगी। उन्हें बंगाल का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और आ–इजीपी (प्रभारी) नियुक्त किया गया है। कार्यवाहक डीजीपी पीयूष पांडे को हटा दिया गया है। वहीं एडीजी(कानून व्यवस्था) को भी बदल कर अजय राणाडे को नियुक्त किया गया है। साथ ही जेल विभाग के डीजी पद पर एन रमेश बाबू को नियुक्त किया गया है।

प्रशासनिक सर्जरी यहीं नहीं रुकी; कोलकाता के पुलिस कमिश्नर सुप्रतिम सरकार को भी पद से मुक्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर वरिष्ठ आइपीएस अजय नंदा को कोलकाता का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। अजय नंदा का ट्रैक रिकार्ड काफी प्रभावशाली रहा है, विशेषकर माओवादी दमन अभियानों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

इससे पूर्व, रविवार देर रात को आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटाकर दुष्यंत नारिवाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया था। साथ ही गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा के स्थान पर संघमित्रा घोष को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आईएएस–आईपीएस अधिकारियों के तबादले पर ममता बनर्जी की आपत्ति, मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादले को लेकर चुनाव आयोग के फैसले पर आपत्ति जताई है। उन्होंने इस संबंध में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर अपनी नाराजगी दर्ज कराई है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा है कि 15 और 16 मार्च को जारी आदेशों के तहत राज्य के कई शीर्ष अधिकारियों का अचानक तबादला कर दिया गया। इनमें मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। ममता बनर्जी ने पत्र में उल्लेख किया कि संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार चुनाव के दौरान अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले का अधिकार चुनाव आयोग के पास होता है। हालांकि, परंपरा के मुताबिक ऐसे महत्वपूर्ण फैसलों से पहले राज्य सरकार से परामर्श किया जाता रहा है। मुख्यमंत्री का आरोप है कि इस बार आयोग ने राज्य सरकार से कोई चर्चा किए बिना ही एकतरफा निर्णय ले लिया। उन्होंने कहा कि अचानक किए गए इस तरह के फैसलों से राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है और यह सहकारी संघवाद की भावना के भी विपरीत है। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि भविष्य में इस तरह के निर्णय लेने से पहले राज्य सरकार के साथ समन्वय बनाए रखा जाए।







## लोकतंत्र में आंदोलनों की भूमिका का प्रश्न

आखिरकार गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम हटाने से जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई हो गई है। वांगचुक गत वर्ष सितंबर से जोधपुर जेल में बंद थे, जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दल व विभिन्न सामाजिक संगठन तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते रहे हैं। अब सरकार की दलील है कि यह फैसला लद्दाख में शांति, स्थिरता और संवाद का माहौल बनाने के लिये लिया गया है। वहीं विपक्षी राजनीतिक दलों का कहना है कि 17 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई होनी थी। गिरफ्तारी का आधार मजबूत न होने पर केंद्र सरकार को उन्हें रिहा करने को बाध्य होना पड़ा है। उल्लेखनीय है कि रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित जलवायु कार्यकर्ता, अभिनव शैक्षिक व वैज्ञानिक प्रयोगों के लिए चर्चित सोनम वांगचुक को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत बीते साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था। दरअसल, वे लंबे समय से लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने वाले आंदोलन से जुड़े रहे। उन्होंने कई बार अनशन किया। पदयात्रा के जरिये दिल्ली पहुंचकर भी उन्होंने अनशन किया था। लेकिन सितबर में आंदोलन के हिंसक होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं केंद्र सरकार की दलील है कि क्षेत्र के लोगों की मांगों का समाधान निकालने के लिये लद्दाख के अलग-अलग समुदायों, नेताओं और संगठनों से निरंतर बातचीत के प्रयास जारी हैं। साथ ही लद्दाख के लिये सभी जरूरी सुरक्षा उपाय करने की बात कही गई है।

वहीं विपक्षी दल सवाल पूछ रहे हैं कि अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तारी की तार्किकता क्या थी? क्या लोकतांत्रिक ढंग से अपनी बात कहने की आजादी का अतिक्रमण नहीं हो रहा है? नागरिक संगठनों से जुड़े लोगों ने वांगचुक को उनके ठंडे प्रदेश लद्दाख से 1400 किमी दूर गर्म प्रदेश राजस्थान की जोधपुर जेल में रखने पर भी सवाल उठाये थे। उल्लेखनीय है कि बीते माह शीर्ष अदालत ने भी सोनम वांगचुक की खराब सेहत के मद्देनजर, उनकी हिरासत पर पुनर्विचार करने को कहा था। दरअसल, बार-बार पेटदर्द की शिकायत पर उनकी पत्नी ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से जांच करवाने के लिये आवेदन किया था। साथ ही कोर्ट से मासिक स्वास्थ्य रिपोर्ट की भी मांग की थी। तब शीर्ष अदालत की पीठ ने टिप्पणी की थी कि यदि हिरासत के आदेश में कानूनी त्रुटियां हैं तो इसे रद्द भी किया जा सकता है। वहीं सरकार की दलील थी कि आंदोलन को हिंसक बनाने में भूमिका के चलते राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लागू करने के पर्याप्त कारण मौजूद थे। वहीं विपक्षी कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि वांगचुक को 170 दिन हिरासत में रखने का हिसाब कौन देगा? वे इस मामले में केंद्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते रहे हैं। अन्य विपक्षी दल भी इस रिहाई के बाद केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के बेजा इस्तेमाल के आरोप लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि लद्दाख के पर्यावरण व हक की मांग उठाने की कीमत वांगचुक ने चुकाई है।

## भारत ने धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग की रिपोर्ट को खारिज किया

**नयी दिल्ली :** भारत ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) की उस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज किया है जिसमें भविष्य में अमेरिकी सुरक्षा सहायता और भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार नीतियों को धार्मिक स्वतंत्रता में सुधार से जोड़ने का सुझाव दिया गया है। यूएस-सीआईआरएफ ने यह भी कहा कि 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसे संगठनों पर ''उन व्यक्तियों या संस्थाओं की संपत्तियों को जब्त करके और/या अमेरिका में उनके प्रवेश पर रोक लगाकर धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन की जिम्मेदारी के लिए'' लक्षित प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। यूएससीआईआरएफ एक स्वतंत्र अमेरिकी संघीय सरकारी संस्था है, जो सभी लोगों के धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार पर नजर रखती है। विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि यूएससीआईआरएफ लगातार भारत की ''गलत'' तस्वीर पेश कर रहा है, और यह वस्तुनिष्ठ तथ्यों के बजाय ''संदिग्ध स्रोतों और वैचारिक कथनों'' पर भरोसा कर रहा है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 17 मार्च, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 09:20 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 06:13 तक, योग : सिद्ध, 08:06 तक, सूर्योदय: 05:45, सूर्यास्त: 17:46, चन्द्रोदय : 04:28, चन्द्रास्त: 16:13, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 14:43 से 16:13

## राशिफल

**मेष :** आपके ग्यारहवें भाव में ग्रहों का दमदार जमावड़ा प्रोफेशनल नेटवर्क को नई गति देगा। ग्रुप मीटिंग्स में बात क्लियर रखें क्योंकि वक्री बुद्धदेव टेक्निकल दिक्कत या गलतफहमी पैदा कर सकते हैं।

**वृष :** दशम भाव में ग्रहों की युति अचानक बड़े बदलाव के संकेत दे रही है। बॉस के साथ ईगो क्लैश से बचे. वक्री बुद्धदेव पुरानी फाइलों को फिर से खोलने के संकेत दे रहे हैं, जिन्हे ध्यान से निपटाएं।

**मिथुन :** नौवें भाव के ग्रहों की वजह से कानूनी या अकादमिक कामों में चुनौतियाँ आ रही हैं। बृहस्पतिदेव आपकी बुद्धि को प्रबल बनाएंगे जिसे आप समस्याओं का समाधान ढूंढेंगे।

**कर्क :** आठवें भाव के चंद्रमा आपके अंतर्ज्ञान को सक्रिय करेंगे, जिसे आप बिजनेस की बारीकियां समझ पाएंगे। करियर की रणनीति में फ़िलहाल कोई बड़ा बदलाव ना करें।

**सिंह :** सातवें भाव के ग्रह पुराने अनुबंध और साझेदारी में बदलाव मांग रहे हैं। नए काम के बजाए पुराने प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करें। वक्री बुधदेव पुराने ग्राहकों के साथ फिर से जुड़ने का मौका दे सकते हैं।

**कन्या :** छठें भाव के चंद्रमा आपकी समस्या-समाधान कौशल निखारेंगे। दसवें भाव के बृहस्पति करियर में आपकी रक्षा करेंगे, जिसकी ऑफिस पॉलिटिक्स आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी।

**तुला :** पुराने लंबित कामों को निपटाने का दबाव रहेगा। नये मार्केटिंग अभियान के बजाये पुराने उत्पादों की समीक्षा करें। वक्री बुद्धदेव की वजह से क्लाइंट मीटिंग में देरी हो रही है।

**वृश्चिक :** दसवें भाव में केतु की वजह से काम से मन उचट सकता है। ऑफिस पॉलिटिक्स से दूर रहकर अपने काम पर फोकस करें और घर से काम को प्राथमिकता दें।

**धनु :** तीसरे भाव के चंद्रदेव आपको कमाल की शक्ति और समस्या-समाधान कला प्रदान करेंगे। डिजिटल नेटवर्किंग और मार्केटिंग से जुड़े लोग दिन भर काफी सक्रिय रहेंगे।

**मकर :** आपके दूसरे भाव में ग्रहों की युति आपको अपनी वाणी और संचित ऊर्जा को काम में लगाने की प्रेरणा देती है। आपकी अनुशासन और विश्वसनीयता ही आपकी सफलता की कुंजी है।

**कुम्भ :** आपकी अपनी ही राशि में चार राशियों का शक्तिशाली संगम आपको आज कार्यक्षेत्र में चर्चा का मुख्य केंद्र बिंदु बनाएगा। निवेश अचानक लाभ के रूप में सामने आ सकते हैं।

**मीन :** आपकी राशि में सूर्यदेव, शुक्रदेव और शनिदेव का गोचर आपको पेशेवर रूप से और अधिक समझदार और गंभीर बनाएगा। अपने बैंक बैलेंस का बारीकी से निरीक्षण करें।

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर



ललित गर्ग

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने-अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है-भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा-मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं-पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है। इन राज्यों में चुनावी प्रतिस्पर्धा तीव्र होती है, किंतु अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की परंपरा भी देखने को मिलती है। असम की स्थिति भी अलग है, जहां पूर्वोत्तर भारत की राजनीति के संदर्भ में चुनाव के परिणाम महत्वपूर्ण माने जाते हैं। यदि वहां सत्तारूढ़ दल फिर से सत्ता में लौटता है तो यह क्षेत्रीय राजनीति के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जाएगा।

हालांकि इन सभी चुनावों के संदर्भ में एक प्रश्न लगातार उठता है कि क्या राजनीतिक दल लोकतंत्र की मर्यादाओं का पालन करने के लिए पर्याप्त गंभीर हैं। चुनावी राजनीति में प्रतिस्पर्धा स्वाभाविक है, किंतु जब यह प्रतिस्पर्धा हिंसा, घृणा और असहिष्णुता में बदल जाती है तो लोकतंत्र की मूल भावना को चोट पहुंचती है। दुर्भाग्य से कई बार राजनीतिक दल चुनाव जीतने की होड़ में लोकतांत्रिक शा-लीनता को नजरअंदाज कर देते हैं।

आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत हमले और हिंसक घटनाएं इस प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। इस स्थिति में यह केवल चुनाव आयोग की जिम्मेदारी नहीं रह जाती कि वह चुनाव को निष्पक्ष बनाए। राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की भी उतनी ही जिम्मेदारी है कि वे लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखें। यदि दल स्वयं ही आचार संहिता का सम्मान करें और अपने कार्यकर्ताओं को संयमित आचरण के लिए प्रेरित करें तो चुनावी प्रक्रिया कहीं अधिक स्वस्थ और सकारात्मक बन सकती है। लोकतंत्र की सफलता केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि राजनीतिक संस्कृति और सामाजिक चेतना पर भी निर्भर करती है।

इसके साथ ही मतदाताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता के हाथ में होता है। यदि मतदाता जागरूक और सजग हों तो वे ऐसे नेताओं और दलों को प्रोत्साहित करेंगे जो लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हैं। मतदाताओं को यह समझना होगा कि उनका वोट केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की दिशा तय करने वाला निर्णय भी है।

इन पांच क्षेत्रों में होने वाले चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे यह संदेश देंगे कि भारत का लोकतंत्र किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। यदि ये चुनाव शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होते हैं तो यह न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी एक सकारात्मक उदाहरण होगा। भारत को अक्सर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में देखा जाता है, इसलिए यहां होने वाली चुनावी प्रक्रिया पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नजर रहती है।

निश्चित तसौर पर यह कहा जा सकता है कि चुनाव केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं हैं, बल्कि वे लोकतंत्र के मूल्यों की परीक्षा भी हैं। असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में होने वाले चुनाव इस दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यदि इन चुनावों में राजनीतिक दल संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें, चुनाव आयोग अपनी निष्पक्षता और दृढ़ता बनाए रखे तथा मतदाता जागरूकता के साथ मतदान करें, तो यह लोकतंत्र की शक्ति को और अधिक सुदृढ़ करेगा। प्रश्न यह है कि क्या हम इन चुनावों के माध्यम से एक ऐसा आदर्श प्रस्तुत कर पाएंगे, जिसमें लोकतंत्र केवल मतपेटियों तक सीमित न रहकर शालीनता, सहिष्णुता और जनविश्वास की भावना को भी मजबूत करे। यही वह कसौटी है जिस पर इन चुनावों की सफलता या असफलता का वास्तविक मूल्यांकन किया जाएगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# अतीक-अशरफ की फरार पत्नियों पर योगी सरकार का शिकंजा



संजय सक्सेना

उत्तर प्रदेश के अपराध जगत में एक के बाद एक होते घटनाक्रम से यह स्पष्ट होता जा रहा है कि जांच एजेंसियां अब किसी भी फरार अपराधी को बख्शने के मूड में नहीं हैं। बहुचर्चित शाइन सिटी घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर भगोड़े आर्थिक अपराधी राशिद नसीम को संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी न केवल हजारों ठगे गए निवेशकों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आई है, बल्कि प्रयागराज में वर्षों से फरार चल रहे अन्य खतरनाक अपराधियों के लिए भी एक कड़ा संदेश बन गई है।राशिद नसीम शाइन सिटी समूह का अध्यक्ष बताया जाता है। उस पर आर-ोप है कि उसने रियल एस्टेट, निवेश योजनाओं और बहुस्तरीय विपणन के नाम पर हजारों निवेशकों से लगभग एक हजार करोड़ रुपये की ठगी की। वह वर्ष 2019 में नेपाल के रास्ते दुबई फरार हो गया था। देश छोड़ने से पहले उसने तीस करोड़ रुपये की रकम गुजरात की एक कंपनी के जरिये विदेश भेज दी थी। जनवरी 2026 में प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ यूएई अधिकारियों को एक विस्तृत आरोप-पत्र सौंपा था, जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी हुई।लखनऊ की विशेष न्यायालय ने उसे भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने उसकी एक सौ सत्ताईस करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट, लुकआउट सर्कुलर और इंटरपोल का लाल नोटिस भी जारी किया जा चुका था। इस पूरी कार्रवाई को जांच एजेंसियों की बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है।

राशिद नसीम की गिरफ्तारी ने प्रयागराज पुलिस की नींद उड़ा दी है। अब उन तमाम फरारों की तलाश तेज कर दी गई है जो वर्षों से कानून की आंखों में धूल झोंककर छिपते फिर रहे हैं। इनमें सबसे प्रमुख नाम माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और अतीक के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा का है। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और अतीक की बहन आयशा नूरी पहले से ही वांछितों की सूची में हैं। इन सभी के बारे में सवाल उठाए जा रहे हैं कि इनकी गिरफ्तारी आखिर कब होगी।अतीक अहमद के भाई अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा भी उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में शामिल मानी जाती है। उसकी बहन आयशा नूरी ने इस वारदात के बाद अपने घर पर असद और गुड्डू को शरण दी थी, जिसका बंद कैमरे का दृश्य भी सामने आया था। शाइस्ता परवीन प्रयागराज के दामूपुर गांव की रहने वाली है। उसके पिता मोहम्मद हारून एक सेवानिवृत्त पुलिस कांस्टेबल हैं। शाइस्ता के खिलाफ अब तक चार मामले दर्ज हो चुके हैं। उसने कथित रूप से अपने बेटे असद और शूटर गुलाम को उमेश पाल की हत्या के बाद प्रयागराज से भाग जाने के लिए कहा था। पुलिस की एक सिपाही की बेटी का इस तरह माफिया की दुनिया में उतरना और फिर खुद कानून से भागते फिरना, यह कहानी समाज के उस पतन की तस्वीर है जो संगत और परिस्थितियों के बदलाव से इंसान को कहां से कहां ले जाती है।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने शाइस्ता परवीन का नाम वांछितों की सूची में डाल दिया है और उसके बारे में जानकारी देने वाले को पचास हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की गई है। लखनऊ में एक बेनामी संपत्ति की सौदेबाजी से मिलने वाली बारह करोड़ रुपये की रकम को जैनब और शाइस्ता तक पहुंचाना एक वकील का मकसद था। यह भी पता चला कि इस रकम की मदद से दोनों विदेश भागने की फिराक में थी.उमेश पाल हत्याकांड के बाद से माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन पुलिस की पकड़ से बाहर है। उनकी और जैनब फातिमा की तलाश में देर रात प्रयागराज के कई इलाकों में पुलिस ने घर-घर तलाशी चलाई। एक समय शाइस्ता परवीन की उपस्थिति उड़ीसा में होने के संकेत मिले थे, जिसके बाद विशेष कार्यबल ने वहां की पुलिस को सतर्क किया और एक दल ने जाकर जांच भी की। लेकिन बावजूद इसके वह पुलिस के हाथ नहीं आई।

अब राशिद नसीम की दुबई से गिरफ्तारी के बाद प्रयागराज पुलिस नए जोश के साथ मैदान में उतर गई है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस शाइस्ता परवीन और जैनब फातिमा को औपचारिक रूप से अत्यंत वांछित की सूची में शामिल करने की तैयारी कर रही है, जिससे उनकी तलाश को और अधिक संगठित एवं प्राथमिकता वाली मुहिम का रूप दिया जा सके। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस सूची में शामिल होने के बाद अन्य राज्यों की पुलिस भी और सक्रियता से इन महिलाओं की तलाश में जुट जाएगी।

उमेश पाल की हत्या के बाद से शाइस्ता परवीन और जैनब फरार हैं। कई बार उनके प्रयागराज पहुंचने की सूचनाएं मिलीं, जिसके आधार पर पुलिस ने माफिया अतीक अहमद के करीबियों के घरों पर छापेमारी भी की, लेकिन देर तक चली तलाशी के बाद भी दोनों का कोई पता नहीं चल सका। जांच एजेंसियों का मानना है कि राशिद नसीम की गिरफ्तारी से एक संदेश जाएगा कि अब विदेश में बैठकर भी कानून से मुक्ति नहीं मिल सकती। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फरार बैठा एक आर्थिक अपराधी दुबई की सड़कों से उठाया जा सकता है, तो देश के भीतर छिपे अपराधियों की गिरफ्तारी तो और भी संभव है। प्रयागराज पुलिस के लिए यह गिरफ्तारी एक प्रेरणा बन गई है। अब देखना यह है कि वह दिन कब आएगा जब शाइस्ता परवीन, जैनब फातिमा और अन्य फरार अपराधी कानून के कठघरे में खड़े होंगे और उमेश पाल समेत अन्य पीड़ितों के परिजनों को वास्तविक न्याय मिलेगा।

-वरिष्ठ पत्रकार

## विदेश की खबरें

### ब्रिटेन पश्चिम एशिया के व्यापक संघर्ष में नहीं शामिल होगा : प्रधानमंत्री स्टार्मर

**लंदन :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि वह ब्रिटेन को पश्चिम एशिया में व्यापक युद्ध में घसीटे जाने की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह यूरोपीय सहयोगियों के साथ मिलकर होर्मुज की खाड़ी को फिर से खोलने के लिए एक व्यवहार्य योजना तैयार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बाजार में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना होगा, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि यह कोई आसान काम नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन इस क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता बहाल करने के लिए एक व्यवहार्य, सामूहिक योजना लाने के संबंध में अपने सभी सहयोगियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। स्टार्मर ने जोर दिया कि वह ब्रिटेन को किसी व्यापक युद्ध में नहीं घसीटने देंगे। उन्होंने कहा, मैं इस युद्ध का जल्द से जल्द अंत देखना चाहता हूं। क्योंकि यह जितना लंबा चलेगा, स्थिति उतनी ही खतरनाक होती जाएगी। स्टार्मर ने यह भी बताया कि उन्होंने रविवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की, जिसमें दोनों ने कई मुद्दों पर चर्चा की।

### भारत ने ईरान में अपने नागरिकों से कहा, बिना दूतावास से समन्वय के सीमा पार न करें

**दुबई :** भारत ने ईरान में मौजूद अपने नागरिकों से सोमवार को कहा कि वे तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के साथ पूर्व और स्पष्ट समन्वय के बिना आगे की यात्रा के लिए किसी भी सीमा को पार करने का प्रयास न करें। एक परामर्श में, दूतावास ने कहा कि वैसे भारतीय नागरिक जो उसकी जानकारी और मार्गदर्शन के बिना सीमा पार करके ईरान छोड़ने का प्रयास करते हैं, उन्हें आवागमन और आव्रजन संबंधी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। परामर्श में कहा गया, ''ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे भारतीय दूतावास के साथ पूर्व और स्पष्ट समन्वय के बिना आगे की यात्रा के लिए ईरान की किसी भी सीमा को पार करने का प्रयास न करें।'' परामर्श में कहा गया कि पूर्व समन्वय के बिना लोगों के ईरानी क्षेत्र से बाहर जाने पर दूतावास सहायता प्रदान करने की स्थिति में नहीं होगा। इसमें कहा गया, ''दूतावास भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ नियमित संपर्क में है और जहां भी आवश्यक हो, समन्वित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जमीनी सीमाओं की ओर असंगठित आवागमन को सख्ती से हतोत्साहित किया जाता है।''

## वर्ग पहेली नं. 3381

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | 14 | |
| | ■ | ■ | 15 | | ■ | 16 | | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 | |
| 21 | | ■ | 22 | | ■ | 23 | 24 | | ■ |
| ■ | 25 | 26 | | ■ | 27 | ■ | 28 | | |
| 29 | ■ | | ■ | 30 | | 31 | | ■ | ■ |
| 32 | | | | | ■ | 33 | | | |

*बायें से दायें:-* 1) क़ब्र पर बनी इमारत, 4) विनम्र, 7) एक मिठाई, 9) अच्छा असर, 11) सुप्रसिद्ध, 12) फाँक, 14) नई मूँछ, 15) अफ़वाह; बयार, 16) खून, 17) दौड़-धूप, 19) कुकर्मी, 20) प्रस्थान, 21) गीला, 22) अच्छा हो कि, 23) भार रखना, 25) एक अष्टपद जालकीट, 28) कामयाब 30) देवर की पत्नी, 32) उ त्तरदायी, 33) निर्धारित.

*ऊपर से नीचे:-* 2) जो शेष रहे, 3) अवधेश, 4) विपत्ति, 5) आर्थिक लाभ, 6) नित्य, 8) एक पक्षी, 10) मृत्युदेवता, 11) *हिंदी में गुड मॉर्निंग,* 13) क्रुद्ध, 15) जल्दबाज़ी, 18) संतप्त; उष्ण, 20) विध्वंस, 24) करुणाजनक, 26) भुना हुआ मसालेदार मांस, 27) बाज़ी, 29) मूल कारण; बोने के लिए दाना, 30) शरीर, 31) रैना; निशा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ने | स्त | ना | बू | दी | ■ | बे | व | ज | ह |
| ■ | ■ | क्र | ■ | प | ना | ह | ■ | ना | ल |
| अ | ध | म | रा | ■ | म | त | ल | ब | ■ |
| ल | ■ | ■ | ह | र्ज | ■ | र | स | ■ | इ |
| ग | फ़ | ल | त | ■ | जा | ■ | ल | गा | म |
| ■ | व्वा | ■ | ■ | ज | न | वा | सा | ■ | र |
| वि | रा | ज | मा | न | ■ | य | ■ | सू | ती |
| ष | ■ | वा | ■ | नी | र | स | ■ | ति | ■ |
| म | नो | नी | त | ■ | ही | ■ | चु | का | ना |

## सुडोकू-पहेली-3339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | 5 | 8 | | |
| 5 | | 1 | | 6 | | 3 | | |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | | 4 | 2 | 7 | | | 8 | |
| | | | 4 | | 8 | | | |
| | | | | | | | 5 | 1 |
| 4 | | | | | | | | |
| 7 | 8 | | | | 4 | 5 | | |
| | 2 | 3 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3338 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 | 5 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 2 | 3 | 8 | 1 | 4 |
| 1 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 1 | 8 | 3 | 6 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 9 | 1 | 4 | 3 | 5 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 1 |

## 144 भाजपा उम्मीदवारों की लिस्ट

| क्र. | विधानसभा का नाम | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|---|
| 1. | कूचबिहार उत्तर (अजा) | सुकुमार रॉय |
| 2. | सीतलकुची (अजा) | सावित्री बर्मन |
| 3. | दिनहाटा | अजय रॉय |
| 4. | तूफानगंज मालती | रावा रॉय |
| 5. | कुमारग्राम (अजजा) | मनोज कुमार ओरांव |
| 6. | कालचिनी (अजजा) | विशाल लामा |
| 7. | अलीपुरद्वार | परितोष दास |
| 8. | फालाकाटा (अजा) | दीपक बर्मन |
| 9. | डाबग्राम-फूलबाड़ी | शिखा चटर्जी |
| 10. | नागराकाटा (अजजा) | पूना भेंगरा |
| 47. | पलासीपाड़ा | अनिमा दत्ता |
| 48. | कालीगंज | बापन घोष |
| 49. | राणाघाट उत्तर पश्चिम | पार्थसारथी चटर्जी |
| 50. | राणाघाट उत्तर पूर्व (अजा) | असीम बिस्वास |
| 51. | चकदहा | बंकिम चंद्र घोष |
| 52. | हरिनघाटा (अजा) | असीम कुमार सरकार |
| 53. | बदुरिया | सुकृति सरकार |
| 54. | अमडांगा | अरिंदम डे |
| 55. | नैहाटी | सौमित्र चटर्जी |
| 56. | भाटपाड़ा | पवन कुमार सिंह |
| 57. | बारानगर | सजल घोष |
| 58. | देगंगा | तरुण कांति घोष |
| 59. | बशीरहाट उत्तर | नारायण चंद्र मंडल |
| 60. | बसंती (अजा) | बिकास सरदार |
| 61. | कुलतली (अजा) | सुमाधबी महलदर |
| 62. | पाथरप्रतिमा | असित कुमार हल्दर |
| 63. | काकद्वीप | दीपांकर जना |
| 64. | रायदिघी | पलाश राणा |
| 65. | कैनिंग पूर्व | असीम सपुई |
| 66. | डायमंड हार्बर | दीपक कुमार हल्दर |
| 67. | बिष्णुपुर (अजा) | अग्निश्वर नस्कर |
| 68. | बज बज | डॉ. तरुण कुमार अदाक |
| 69. | मेटियाब्रुज़ | वीर बहादुर सिंह |
| 70. | भवानीपुर | शुभेंदु अधिकारी |
| 71. | रासबिहारी | स्वपन दास गुप्ता |
| 72. | हावड़ा उत्तर | उमेश राय |
| 73. | शिबपुर | रुद्रनील घोष |
| 74. | उलूबेरिया दक्षिण | स्वामी मंगलानंद पुरी महाराज |
| 75. | अमता | अमित सामंत |
| 76. | डोमजूर | गोबिंद हाजरा |
| 77. | सप्तग्राम | स्वराज घोष |
| 78. | तारकेश्वर | संतु पान |
| 79. | पुरसुराह | बिमान घोष |
| 80. | आरामबाग (अजा) | हेमन्त बाग |
| 81. | गोघाट (अजा) | प्रशांत दिघर |
| 82. | खानाकुल | सुशांत घोष |
| 83. | पंसकुरा पूर्व | सुब्रत मैती |
| 84. | पंसकुरा पश्चिम | सिंतु सेनापति |
| 85. | मोयना | अशोक डिंडा |
| 86. | महिषादल | सुभाष पांजा |
| 87. | हल्दिया (अजा) | प्रदीप कुमार बिजली |
| 88. | नंदीग्राम | शुभेंदु अधिकारी |
| 89. | पटाशपुर | तपन मैती |
| 90. | कांथी उत्तर | सुमिता सिन्हा |
| 91. | कांथी दक्षिण | अरूप कुमार दास |
| 92. | रामनगर | चंद्र शेखर मंडल |
| 93. | दांतन | अजीत कुमार जना |
| 94. | नयाग्राम (अजजा) | अमिया किस्कु |
| 95. | गोपीबल्लवपुर | राजेश महतो |
| 96. | झारग्राम | लक्ष्मीकांत साहू |
| 97. | केशियारी (अजजा) | भद्रा हेम्ब्रम |
| 98. | खड़गपुर सदर | दिलीप घोष |
| 99. | नारायणगढ़ | राम प्रसाद गिरि |
| 100. | सबंग | अमल पांडा |
| 101. | खड़गपुर | तपन भुया |
| 102. | डेबरा | शुभाशीष ओम |
| 103. | दासपुर | तपन दत्ता |
| 104. | घाटल (अजा) | शीतल कपाट |
| 105. | चंद्रकोना (अजा) | सुकांत डोलुई |
| 106. | सालबोनी | बिमान महतो |
| 107. | केशपुर (अजा) | शुभेंदु सामंत |
| 108. | बिनपुर (अजजा) | डॉ. प्रणत टुडू |
| 109. | बांदवान (अजजा) | लबसेन बास्के |
| 110. | बलरामपुर | जलधर महतो |
| 111. | मानबाजार (अजजा) | मैना मुर्मू |
| 112. | काशीपुर | कमलकांत हंसदा |
| 113. | पारा (अजा) | नदियार चंद बाउरी |
| 114. | रघुनाथपुर (अजा) | मामोनी बाउरी |
| 115. | साल्टोरा (अजा) | चंदना बाउरी |
| 116. | छतना | सत्यनारायण मुखोपाध्याय |
| 117. | रानीबांध (अजजा) | क्षुदिराम टुडू |
| 118. | रायपुर (अजजा) | क्षेत्र मोहन हंसदा |
| 119. | तालडांगरा | सौविक पात्रा |
| 120. | बरजोड़ा | बिलेश्वर सिंघा |
| 121. | ओंडा | अमरनाथ शाखा |
| 122. | कटुलपुर (अजा) | लक्ष्मीकांत मजूमदार |
| 123. | इंदस (अजा) | निर्मल कुमार धारा |
| 124. | सोनामूखी (अजा) | दिबाकर घरामी |
| 125. | रैना (अजा) | सुभाष पात्रा |
| 126. | जमालपुर (अजा) | अरुण हल्दर |
| 127. | मोंटेश्वर | सैकत पंजा |
| 128. | बर्धमान उत्तर (अजा) | संजय दास |
| 129. | भातर | सौमेन करफा |
| 130. | केतुग्राम | अनादि घोष (मथुरा) |
| 131. | औसग्राम (अजा) | कलिता माझी |
| 132. | पांडबेश्वर | जितेंद्र कुमार तिवारी |
| 133. | दुर्गापुर पूर्व | चंद्र शेखर बनर्जी |
| 134. | दुर्गापुर पश्चिम | लक्ष्मण चंद्र घोरुई |
| 135. | जामुरिया | डॉ. बिजन मुखर्जी |
| 136. | आसनसोल दक्षिण | अग्निमित्रा पॉल |
| 137. | आसनसोल उत्तर | कृष्णेंदु मुखर्जी |
| 138. | कुल्टी | अजय कुमार पोद्दार |
| 139. | दुबराजपुर (अजा) | अनुप कुमार साहा |
| 140. | सूरी | जगन्नाथ चट्टोपाध्याय |
| 141. | बोलपुर | दिलीप कुमार घोष |
| 142. | नानूर (अजा) | खोकन दास |
| 143. | मयूरेश्वर | दूध कुमार मंडल |
| 144. | हंसन | निखिल बनर्जी |

**नोट:** अजा = अनुसूचित जाति (एससी), अजजा = अनुसूचित जनजाति (एसटी)

# बंगाल में वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले पर टीएमसी-भाजपा आमने-सामने

❑ टीएमसी ने भाजपा पर निर्वाचन आयोग को अपने संगठन की तरह इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

❑ भाजपा ने कहा-ईमानदार अधिकारियों को अब दी गई है कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी



**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को बंगाल में निर्वाचन आयोग द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के फेरबदल को एक ऐसी पार्टी की घबराहट भरी प्रतिक्रिया बताया, जिसे यह एहसास हो गया है कि वह लोकतांत्रिक तरीकों से चुनाव नहीं जीत सकती, जबकि विपक्षी भाजपा और माकपा ने इस फेरबदल को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की दिशा में एक कदम बताया। बंगाल के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद निर्वाचन आयोग ने राच्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती, गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीना, पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडेय और कोलकाता पुलिस आयुक्त सुप्रतीम सरकार को हटा दिया।

**टीएमसी के प्रवक्ता कुनाल घोष** ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तुच्छ राजनीति के बावजूद भाजपा बंगाल की जनता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच के संबंध को कमजोर नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार राज्यपाल या वरिष्ठ अधिकारियों को बदल सकती है, लेकिन बंगाल के मतदाताओं की सोच नहीं बदल सकती। घोष ने भाजपा पर निर्वाचन आयोग को अपने संगठन की तरह इस्तेमाल करने और मुख्य सचिव तथा डीजीपी समेत शीर्ष अधिकारियों के जल्दबाजी में तबादले कराने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आप जिसे चाहें बदल लें, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नहीं बदल सकते। वह भारत की शेरनी हैं और जितना विपक्ष उन्हें निशाना बनाएगा, पार्टी उतनी ही मजबूत होकर उभरेगी।

वहीं **राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी** ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने उन अधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी दी है जिन्हें ममता बनर्जी सरकार ने पार्टी लाइन पर न चलने के कारण किनारे कर दिया था। उन्होंने कहा कि ईमानदार और निष्पक्ष आइएएस व आइपीएस अधिकारियों को अब कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी दी गई है, जिससे शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके। विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने आरोप लगाया कि राच्य की नौकरशाही का एक हिस्सा सत्तारूढ़ टीएमसी के सहयोगी की तरह काम कर रहा था। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का हस्तक्षेप चुनावी निष्पक्षता के लिए जरूरी था और इससे अन्य अधिकारियों को भी संदेश गया है। माकपा की केंद्रीय समिति के सदस्य सुजन चक्रवती ने कहा कि चुनाव के दौरान अधिकारियों का फेरबदल सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन बंगाल प्रशासन के आचरण ने इस बार ऐसी कार्रवाई को विशेष रूप से महत्व-पूर्ण बना दिया है। उन्होंने कहा कि सबसे जरूरी बात यह है कि मतदाता बिना किसी दबाव के अपनी इच्छा के अनुसार मतदान कर सकें और निर्वाचन आयोग को अपनी निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए।

## बंगाल में अधिकारियों के तबादले सीईसी के शांतिपूर्ण चुनाव कराने के आश्वासन के अनुरूप : अधिकारी

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि पश्चिम बंगाल के शीर्ष प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के राज्य में हिंसा मुक्त चुनाव कराने के आश्वासन के अनुरूप है। निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव, पुलिस प्रमुख, कोलकाता के पुलिस आयुक्त और अन्य अधिकारियों का तबादला कर उनके स्थान पर नए अधिकारियों को नियुक्त किया है। आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि जिन अधिकारियों को हटाया गया है, उन्हें चुनाव संबंधी कोई भी कार्य नहीं दिया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे और मतगणना की तारीख चार मई तय की गई है। एक चुनाव पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार ने रविवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। उन्होंने कहा, 'उद्देश्य के अनुरूप, निर्वाचन आयोग ने पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के पुलिस आयुक्त सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले कर उनके स्थान पर दूसरे अधिकारियों की नियुक्ति की।'

# राज्य सरकार ने 30 और डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों के तबादले के दिए आदेश

❑ **जनहित में प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के लिए किया गया फेरबदल**

**कोलकाता :** राज्य सचिवालय ने सोमवार को 30 और डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों के तबादले की अधिसूचना जारी की। हालांकि आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्देश वास्तव में शुक्रवार, 13 मार्च को जारी किया गया था, लेकिन इसे सोमवार, 16 मार्च को सार्वजनिक किया गया। नबान्न के प्रशासनिक एवं कार्मिक निवेश विभाग के डब्ल्यूबीसीएस प्रकोष्ठ द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, जनहित में प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने के लिए फेरबदल का निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कई जिलों में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) के पदों पर नई नियुक्तियों का भी उल्लेख है।

तबादलों की सूची में शामिल अधिकारियों में अनंत चंद्र सरकार भी हैं। वे लंबे समय से पर्यटन विभाग में कार्यरत थे। उन्हें उत्तर दिनाजपुर जिले का अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार, मालदा मंडल के सहायक आयुक्त पुष्पक राय को भी उसी जिले का अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बनाया गया है। सूचना एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग में कार्यरत बिष्णुब्रत भट्टाचार्य को मुर्शिदाबाद का अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बनाया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव सुदीप्त दास को नदिया जिले के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट का प्रभार दिया गया है। इस सूची में यह भी दर्शाया गया है कि जनजातीय विकास विभाग की संयुक्त सचिव सुभलक्ष्मी बसु को उत्तर 24 परगना का अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बनाया गया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की संयुक्त सचिव बृजित सुचिता कुजूर को भी उत्तर 24 परगना का अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। विभिन्न विभागों में कई अधिकारियों को वरिष्ठ उप सचिव या संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। इनमें दिपांजन डे, कोयली दास, पुष्पेन चटर्जी और शैबाल नंदी जैसे अधिकारी शामिल हैं। जानकारी मिली है कि उनके प्रशासनिक अनुभव का उपयोग करने के लिए उन्हें नबान्न में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

# पश्चिम बंगाल में 47 प्रतिशत मौजूदा विधायकों ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं : एडीआर रिपोर्ट

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में लगभग 47 प्रतिशत मौजूदा विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 37 प्रतिशत पर गंभीर आपराधिक मामले हैं। यह जानकारी 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की एक रिपोर्ट में दी गई। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होगा तथा मतों की गिनती चार मई को होगी। रिपोर्ट में 294 मौजूदा विधायकों में से 291 के शपथपत्रों का विश्लेषण किया गया। इसमें कहा गया कि 136 (47 प्रतिशत) विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि 109 (37 प्रतिशत) विधायकों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एडीआर के अनुसार, कम से कम आठ मौजूदा विधायकों ने हत्या से संबंधित और 29 विधायकों ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए हैं, जबकि 22 विधायकों ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित तथा एक विधायक ने बलात्कार से संबंधित मामले घोषित किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के 223 विधायकों में से 92 (41 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि भाजपा के 64 विधायकों में से 42 (66 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अनुसार, 291 मौजूदा विधायकों की कुल संपत्ति 821.50 करोड़ रुपये है और प्रति मौजूदा विधायक की औसत संपत्ति 2.82 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में कहा गया कि 104 (36 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता कक्षा आठ और 12 के बीच घोषित की है, जबकि 182 (63 प्रतिशत) विधायकों ने स्नातक या उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता घोषित की है। इसमें कहा गया है कि लगभग 124 (43 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी आयु 25 से 50 वर्ष के बीच घोषित की है, जबकि 167 (57 प्रतिशत) विधायकों ने अपनी आयु 51 से 70 वर्ष के बीच घोषित की है। विश्लेषण से संबंधित 291 विधायकों में से 45 (15 प्रतिशत) विधायक महिलाएं हैं।

# शुभेंदु अधिकारी नंदीग्राम और भवानीपुर दो सीटों से लड़ेंगे चुनाव

## भाजपा ने शुभेंदु को नंदीग्राम और भवानीपुर दो सीटों से चुनावी मैदान में उतारा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर ममता बनर्जी बनाम शुभेंदु अधिकारी का दिलचस्प मुकाबला तय है। विधानसभा चुनाव की घोषणा के महज 24 घंटे के भीतर भाजपा ने राज्य की 144 विधानसभा सीटों के लिए सोमवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में सबसे चौंकाने वाला नाम राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी का है। भाजपा ने उन्हें एक साथ दो हाई-प्रोफाइल सीटों-नंदीग्राम और कोलकाता के भवानीपुर-से मैदान में उतारा है। भवानीपुर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का गृह व विधानसभा क्षेत्र है। ऐसे में शुभेंदु अधिकारी की वहां से उम्मीदवारी ने एक बार फिर 'ममता बनाम शुभेंदु' की सीधी जंग की जमीन तैयार कर दी है। इसी के साथ भाजपा ने एक बार फिर ममता को उन्हीं के गृह क्षेत्र में घेरने की रणनीति अपनाई है। 2021 में ममता ने नंदीग्राम में शुभेंदु को घेरने की रणनीति बनाई थी, लेकिन हार गई थीं।

❑ **सूची में कई पुराने व चर्चित चेहरे**

भाजपा की सूची में कई पुराने चेहरों को दोबारा मौका दिया गया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष को एक बार फिर खड़गपुर सदर सीट से मैदान में उतारा गया है। वहीं, पूर्व राज्यसभा सांसद स्वपन दासगुप्ता को दक्षिण कोलकाता के अहम रासबिहारी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है।



हावड़ा जिले में भी भाजपा ने कुछ चर्चित नामों पर भरोसा जताया है। हावड़ा की शिवपुर सीट से अभिनेता-राजनेता रुद्रनील घोष को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि बराहनगर से सजल घोष और हावड़ा उत्तर से उमेश राय को टिकट दिया गया है। इस बार भी पार्टी ने अपने अधिकांश मौजूदा विधायकों पर भरोसा कायम रखा है और पहली सूची में कई परिचित चेहरों को शामिल किया गया है।

❑ **सामाजिक समीकरणों का समावेश**

पार्टी ने अपनी पहली सूची में भौगोलिक और सामाजिक संतुलन साधने की पूरी कोशिश की है। उत्तर बंगाल के चाय बागान क्षेत्रों से लेकर दक्षिण बंगाल के जंगलमहल तक, पार्टी ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर मजबूत पकड़ बनाने की रणनीति अपनाई है। प्रथम सूची में 33 एससी और 12 एसटी प्रत्याशी हैं। वहीं 11 महिलाओं उम्मीदवारों को भी टिकट दिया गया है, जिनमें से कई मौजूदा विधायक हैं।

❑ **बालुरघाट से नया चेहरा**

हालांकि, कुछ सीटों पर बदलाव भी देखने को मिला है। बालुरघाट सीट से मौजूदा विधायक व अर्थशास्त्री अशोक लाहिड़ी को टिकट नहीं दिया गया है और उनकी जगह विद्युत राय को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह गोघाट के वर्तमान विधायक विश्वनाथ कारक और आरामबाग के विधायक मधुसूदन बाग को भी टिकट नहीं मिला। इन दोनों सीटों से क्रमशः प्रशांत दिगर और हेमंत बाग को उम्मीदवार बनाया गया है।

❑ **अधिकतर मौजूदा विधायकों को टिकट**

मौजूदा विधायकों में आसनसोल दक्षिण से अग्निमित्रा पाल को फिर से टिकट मिला है, जबकि बांकुड़ा जिले की शाल-तोड़ा सीट से चंदना बाउरी को भी दोबारा उम्मीदवार बनाया गया है। जलपाईगुड़ी के डाबग्राम-फुलबाड़ी से शिखा चट्टोपाध्याय और कूचबिहार के तुफानगंज से मालती रावा राय को भी पार्टी ने फिर मौका दिया है।

इसके अलावा कूचबिहार उत्तर से सुकुमार राय, कुमारग्राम से मनोज ओरांव, कालचीनी से विशाल लामा, फालाकाटा से दीपक बर्मन और नागराकाटा से पुना भेंगरा को भी उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं माटीगाड़ा-नक्सलबाड़ी से आनंदमय बर्मन, फांसीदेवा से दुर्गा मुर्मू, तपन से बुधराय टुडू, गंगारामपुर से सत्येंद्रनाथ राय, हबीबपुर से जुएल मुर्मू, गाजोल से चिन्मय देवबर्मन और दुर्गापुर पश्चिम से लक्ष्मण घोरुई को भी टिकट दिया गया है।

दक्षिण दिनाजपुर जिले की कुमारगंज सीट से भाजपा के प्रदेश ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष शुभेंदु सरकार को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं उत्तर दिन-ाजपुर के कालियागंज में उम्मीदवार बदला गया है और मौजूदा विधायक सौमेन राय की जगह उत्पल महाराज को टिकट दिया गया है। बीरभूम के सिउड़ी से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ चट्टोपाध्याय को दूसरी बार उम्मीदवार बनाया गया है।

❑ **मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद में दोनों विधायकों पर फिर भरोसा**

मुर्शिदाबाद जिले में भाजपा ने पिछली बार जीती दोनों सीटों पर अपने विधायकों पर भी भरोसा बरकरार रखा है। बहरमपुर से सुब्रत मैत्रा और मुर्शिदाबाद से गौरीशंकर घोष को फिर मैदान में उतारा गया है। बेलडांगा से अधीर चौधरी के पूर्व करीबी माने जाने वाले और बेलडांगा नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन भरत झावर को टिकट दिया गया है। नदिया जिले के रानाघाट की दोनों सीटों से विधायक पार्थसारथी चट्टोपाध्याय और असीम विश्वास को फिर मौका मिला है। वहीं डायमंड हार्बर से पूर्व विधायक दीपक कुमार हलदार को भी भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है। हुगली जिले के पुरशुड़ा और खानाकुल से क्रमशः विधायक बिमान घोष और सुषांत घोष फिर अपनी ही सीटों से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। पूर्व बर्धमान जिले के जमालपुर से राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण हलदार को उम्मीदवार बनाया गया है।

## हावड़ा उत्तर पर जीत के लिए भाजपा ने उमेश राय पर जताया भरोसा



**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए हावड़ा उत्तर विधानसभा सीट से उमेश राय को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने राज्य की कई महत्वपूर्ण सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। हावड़ा उत्तर से टिकट मिलने के बाद उमेश राय ने पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वह खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। राय ने विश्वास जताया कि पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग और जनता के समर्थन से भाजपा इस सीट पर बेहतर प्रदर्शन करेगी। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही इलाके में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एमएसडीएसी-बीआरपीए-26-आरई, दिनांक:** 13.03.2026, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एसडीएसटीई-एमएसडीएसी-बीआरपीए-26-आरई** के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** बीआरपीए (बारुईपाड़ा) स्टेशन पर डुएल डिटेक्शन मोड में डीसी ट्रैक सर्किट के स्थान पर डुएल एमएसडीएसी का प्रावधान। **निविदा की किस्म:** खुली। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 08.04.2026, 15.00 बजे। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 5,60,75,730.65, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 4,30,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 25.03.2026, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **समापन अवधि:** 12 माह। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 13.03.2026, 17.25 बजे। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

HWH-696/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

सं. सीओएम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025 — दिनांक 11.03.2026

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 03 वर्ष की अवधि के लिए विभिन्न स्टेशनों में पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं. :** पीएआरके-एचडब्ल्यूएच-एमएआर-7, **नीलामी शुरू होने की तिथि/समय:** 27.03.2026 को 14.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं. और स्टेशनों के नाम निम्नानुसार हैं:** (1) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एलओके-टीडब्ल्यू-209-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), लोकनाथ-II, (2) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-एमवाईएम-टीडब्ल्यू-108-26-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), मेमारी, (3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-सीडीएई-टीडब्ल्यू-41-22-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), चंदनपुर-II, (4) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आईपीआरए-टीडब्ल्यू-289-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), इस्लामपाड़ा हाल्ट, (5) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीआरपीए-टीडब्ल्यू-282-25-1 (पार्किंग-टू व्हीलर), बारुईपाड़ा-II, (6) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-बीआरएमएच-एमएक्स-99-26-1 (पार्किंग-मिक्स्ड), बेलुड़मठ, (7) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच-आरएसएलआर-आरडब्ल्यू-207-26-1 (पार्किंग-थ्री व्हीलर), रसूलपुर।

HWH-691/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# वाममोर्चा ने 192 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर वाममोर्चा ने भी अपनी चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए 192 उम्मीदवारों की पहली सूची सोमवार को जारी कर दी है। वाम दलों ने इस सूची के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों और सामाजिक वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की है। पार्टी नेतृत्व का कहना है कि राज्य में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच चल रही तीखी राजनीतिक लड़ाई के बीच वाममोर्चा जनता के सामने एक वैकल्पिक राजनीतिक विकल्प के रूप में सामने आना चाहता है।



वाममोर्चा के नेताओं के मुताबिक, उम्मीदवारों के चयन में संगठन की जमीनी ताकत, क्षेत्रीय संतुलन और सामाजिक प्रतिनिधित्व को प्राथमिकता दी गई है। पार्टी का दावा है कि उनकी सूची में कई युवा चेहरे और लंबे समय से संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है। वाममोर्चा का मानना है कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है और आगामी विधानसभा चुनाव में उनका गठबंधन एक मजबूत विकल्प बनकर उभरेगा।

❑ **तृणमूल कांग्रेस की आज आ सकती है सूची**

भाजपा और वाममोर्चा के बाद अब मंगलवार को संभवतः मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी अपने पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी कर सकती हैं। खबर है कि वह एक साथ 291 सीटों की सूची जारी करेंगी। अपुष्ट खबरों के मुताबिक उत्तर बंगाल की तीन सीटें संभवतः सहयोगी के लिए छोड़ सकती हैं।



# पश्चिम बंगाल चुनाव में वेबकैम प्रदाता का अनुबंध रद्द, चुनाव आयोग ने तीन नई कंपनियों को किया चयनित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने के लिए वेबकैम प्रदाता का अनुबंध रद्द कर दिया गया है। यह कदम पिछले चुनावों की रिकॉर्डिंग में अनियमितताएं पाए जाने के बाद उठाया गया। निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि 2021 के विधानसभा और 2024 के लोकसभा चुनावों की समीक्षा में लगभग 30 प्रतिशत कैमरों में कोई रिकॉर्डिंग नहीं मिली, जबकि अन्य 30 प्रतिशत कैमरों में केवल मतदान की शुरुआत और अंत के आधे घंटे की फुटेज उपलब्ध थी। अधिकांश समस्याग्रस्त कैमरे संवेदनशील बूथों पर तैनात थे, जहां चुनाव के दिन हिंसा की घटनाएं सामने आई थीं। इस स्थिति के बाद आयोग ने नयी निविदा प्रक्रिया के जरिए राज्य के बाहर की तीन कंपनियों को वेबकैम उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चुना। अब प्रत्येक संवेदनशील मतदान केंद्र पर दो-दो कैमरे लगाए जाएंगे। पूरे राज्य में लगभग 80,719 मतदान केंद्र हैं और अतिरिक्त केंद्र जोड़ने के साथ कम से कम दो लाख कैमरों की आवश्यकता होगी।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) और फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) के वाहनों में भी कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों में बैटरी बैकअप की व्यवस्था होगी, ताकि वाहन का इंजन बंद होने पर भी रिकॉर्डिंग जारी रहे। सभी फीड की निगरानी जिलाधिकारियों के कार्यालय, कोलकाता स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय और नई दिल्ली निर्वाचन आयोग मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष से की जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्रों पर किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी; आवश्यक होने पर मतदान दोबारा कराया जाएगा।

## चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद पुलिस तबादलों की रिपोर्ट तलब

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग राज्य के प्रशासनिक और पुलिस तंत्र पर निगरानी और कड़ी कर रहा है। इसी क्रम में आयोग ने राज्य पुलिस से हाल के पुलिस अधिकारियों के तबादलों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय की ओर से राज्य पुलिस को भेजे गए पत्र में मार्च महीने के दौरान हुए सभी पुलिस तबादलों की जानकारी मांगी गई है। आयोग ने निर्देश दिया है कि 28 फरवरी के बाद जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है उनकी सूची तथा संबंधित आधिकारिक आदेशों की प्रतियां भी सौंपी जाएं। इसके साथ ही आयोग ने यह भी पूछा है कि क्या किसी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी को किसी पद पर नियुक्त किया गया है। चुनाव अवधि के दौरान प्रशासनिक व्यवस्था की समीक्षा के तहत इन नियुक्तियों का विवरण भी मांगा गया है। चुनाव आयोग ने सोमवार सुबह 11 बजे तक यह रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया था। हालांकि अपराह्न तीन बजे खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि राज्य पुलिस ने रिपोर्ट जमा की है या नहीं। इससे पहले चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के एक दिन बाद अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (विधि) और राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को पत्र लिखकर तबादलों का पूरा ब्योरा मांगा था। एक अन्य निर्देश में आयोग ने उन पुलिस अधिकारियों की सूची भी मांगी है जो पिछले चुनावों के दौरान अशांति के समय थानों के प्रभारी थे। इसमें 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा तथा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले, दौरान और बाद की घटनाओं का भी उल्लेख किया गया है। यह सूची सोमवार शाम चार बजे तक देने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग ने रविवार को ही राज्य की 294 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान की घोषणा की थी। इसके तुरंत बाद आयोग ने कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक फैसलों की समीक्षा शुरू कर दी। इसी कड़ी में आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पदों से हटा दिया। उनकी जगह दुश्मंत नरियाला को नया मुख्य सचिव तथा संगमित्रा घोष को नया गृह सचिव नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारियों को सोमवार दोपहर तीन बजे तक कार्यभार संभालने का निर्देश दिया गया है।

## पिछले चुनावों की हिंसा पर सख्त चुनाव आयोग, संबंधित थाना प्रभारियों और अधिकारियों का मांगा ब्योरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान हुई हिंसा और 2024 के लोकसभा चुनाव के समय हिंसाग्रस्त इलाकों में तैनात पुलिस अधिकारियों का विस्तृत ब्योरा राज्य सरकार से मांगा है। चुनाव आयोग ने विशेष रूप से 2021 के चुनावोत्तर हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में तैनात थाना प्रभारियों (ओसी) और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की दूसरी सूची तलब की है। आयोग यह जानना चाहता है कि उस समय हिंसा रोकने में कहीं अधिकारियों की ओर से किसी प्रकार की ला-परवाही तो नहीं बरती गई थी। सूत्रों के अनुसार, राज्य सरकार पहले ही संबंधित अधिकारियों की पहली सूची आयोग को भेज चुकी है। अब आयोग ने दूसरी सूची के साथ यह भी जानकारी मांगी है कि क्या इन अधिकारियों के खिलाफ किसी प्रकार की विभागीय जांच या कार्रवाई की गई थी। इस संबंध में चुनाव आयोग ने राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून) और राज्य पुलिस के नोडल अधिकारी को निर्देश दिया है कि वे पूरी जानकारी के साथ विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर आयोग को सौंपें।

## 'विचाराधीन' मतदाताओं में से करीब 20 लाख मामलों का निपटारा

### 60 लाख से अधिक नामों की जांच जारी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान 'विचाराधीन' श्रेणी में रखे गए मतदाताओं में से अब तक करीब 20 लाख मामलों का निपटारा कर लिया गया है। यह जानकारी सोमवार को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल के कार्यालय की ओर से दी गई।

निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार राज्य में लगभग 60 लाख से अधिक मतदाता अभी भी विचाराधीन सूची में हैं, जिनके दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया जारी है। इस काम के लिए 705 न्यायिक अधिकारियों को नियुक्त किया गया है और आयोग चाहता है कि शेष मामलों का निपटारा भी जल्द किया जाए। बताया गया है कि अगले छह से सात दिनों के भीतर विचाराधीन मतदाताओं की पहली अतिरिक्त सूची जारी की जा सकती है।

निर्वाचन आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान राज्य की मतदाता सूची से लगभग 63 लाख नाम हटाए गए हैं। इनमें मृत मतदाता, स्थानांतरित हो चुके लोग, लंबे समय से अनुपस्थित मतदाता तथा अन्य स्थानों पर पंजीकृत नाम शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर विचाराधीन मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच न्यायिक प्रक्रिया के तहत की जा रही है। इस प्रक्रिया में नियुक्त न्यायिक अधिकारी मतदाताओं की आपत्तियों और दावों की जांच कर रहे हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार मतदाता सूची से जुड़े विवादों और शिकायतों के निपटारे के लिए एक न्यायाधिकरण का भी गठन किया जाएगा, जिसमें पूर्व मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश शामिल होंगे। साथ ही शीर्ष अदालत की पीठ ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं करेगा।

इस बीच चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि विचाराधीन सूची में शामिल 60 लाख से अधिक मतदाताओं के मामलों का निपटारा करने के लिए न्यायिक अधिकारियों को कितना समय मिलेगा। आयोग के सूत्रों के अनुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन की अंतिम तिथि तक जिन मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में शामिल हो जाएंगे, वे मतदान करने के पात्र होंगे।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों के लिए 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है। चार मई को मतगणना है।

## पूर्व रेलवे में 19 मार्च को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह, 100 कर्मचारियों को मिलेगा सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे अपने कर्मचारियों की उत्कृष्ट सेवा और समर्पण को सम्मानित करने के लिए प्रतिष्ठित विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम 19 मार्च 2026 को डॉ बी.सी रॉय ऑडिटोरियम, सियालदह में आयोजित किया जाएगा। भारतीय रेलवे में मंत्री स्तरीय पुरस्कारों के बाद यह जोन स्तर का सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। इस वर्ष समारोह में कुल 100 कर्मचारियों को व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें 80 गैर-राजपत्रित कर्मचारी और 20 राजपत्रित अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों, मंडलों और कार्यशालाओं को 38 परफॉर्मेंस शील्ड भी प्रदान की जाएंगी। इनमें सबसे प्रतिष्ठित जनरल मैनेजर ओवरऑल एक्सीलेंस शील्ड, ओवरऑल एफिशिएंसी रनर-अप शील्ड और जनरल मैनेजर ओवरऑल एफिशिएंसी शील्ड शामिल हैं, जो जोन के सर्वोच्च प्रदर्शन का प्रतीक मानी जाती हैं। समारोह में पुरस्कार पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर वे पुरस्कार विजेताओं की उपलब्धियों को दर्शाने वाली एक रंगीन स्मारिका का भी विमोचन करेंगे।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने बताया कि विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार के लिए चयन प्रक्रिया स्वयं नामांकन से शुरू होती है, जिससे कर्मचारी अपनी उपलब्धियों और सेवा योगदान को प्रस्तुत कर सकें। इसके बाद तीन सदस्यीय वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड समिति सभी नामांकनों की गहन समीक्षा करती है। उन्होंने बताया कि किसी भी उम्मीदवार के लिए साफ पेशेवर रिकॉर्ड अनिवार्य है और उसके खिलाफ कोई सतर्कता या विभागीय कार्रवाई लंबित नहीं होनी चाहिए। साथ ही, पुरस्कार नीति के अनुसार एक ही कर्मचारी को तीन वर्षों के अंदर दोबारा यह सम्मान नहीं दिया जाता।




दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या के विरोध में पश्चिम बंगाल खटीक महासभा के आह्वान पर कोलकाता में विशाल मोमबत्ती जुलूस निकाला गया। पोस्ता गणेश मंदिर से शुरू हुआ यह जुलूस कलाकार स्ट्रीट और चितपुर क्रॉसिंग होते हुए गणेश टॉकी क्रॉसिंग पर समाप्त हुआ, जिसमें करीब 2000 से अधिक लोग शामिल हुए।

## मोदी, शाह और शुभेंदु ने हरिचंद ठाकुर की जयंती पर मतुआ समुदाय को दीं शुभकामनाएं

❑ **उत्तर 24 परगना में आयोजित किया जा रहा है मतुआ धर्म मेला**

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को मतुआ समुदाय को उनके आध्यात्मिक नेता हरिचंद ठाकुर की 215वीं जयंती पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उत्तर 24 परगना में मतुआ धर्म मेला आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स एक पोस्ट में कहा कि मतुआ धर्म मेले के सभी श्रद्धालुओं और प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं! यह विशेष अवसर पूर्ण ब्रह्म हरिचंद ठाकुर जी की जयंती से जुड़ा है। मैं उन्हें विनम्र प्रणाम करता हूं। उनके विचार और शिक्षाएं आज भी अनेक लोगों को शक्ति और आशा प्रदान करती हैं। उन्होंने गरिमा, समानता और भक्ति के लिए एक सशक्त आंदोलन को जन्म दिया। उन्होंने पीढ़ियों को धर्म, सद्भाव और सामूहिक उत्थान के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। मोदी ने कहा कि मतुआ संस्कृति की समृद्ध और जीवंत परंपराएं गहरी आध्यात्मिक शक्ति तथा समानता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। यह हमारे राष्ट्र के सामाजिक ताने-बाने को महत्वपूर्ण रूप से समृद्ध करती हैं। पिछले एक दशक से हमारी सरकार मतुआ समुदाय के कल्याण, सशक्तिकरण और गरिमा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ठाकुर एक महान और दिव्य आत्मा थे। उन्होंने हमारे शाश्वत ज्ञान और आध्यात्मिकता में गहराई से उतरकर भक्ति, समानता और नैतिक जीवन से जुड़ी अमूल्य शिक्षाएं दीं, जो आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मतुआ धर्म मेला द्वारा इन सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किए जाने की उम्मीद जताई। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में हरिचंद ठाकुर को 'जय हरिबोल' कहकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### येजदी रोडस्टर ने जीता कार एंड बाइक का 'बाइक डिजाइन ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**कोलकाता, समाज्ञा :** येजदी की लोकप्रिय मोटरसाइकिल येजदी रोडस्टर को प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल प्लेटफॉर्म कार एंड बाइक द्वारा 'बाइक डिजाइन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। रोडस्टर का डिजाइन मजबूत सिल्हूट, मस्कुलर अनुपात और क्रूजर स्टांस के साथ तैयार किया गया है। इसका 12.5 लीटर का तराशा हुआ फ्यूल टैंक ब्रांड की विरासत को दर्शाता है। मोटरसाइकिल में 350सीसी लिक्विड-कूल्ड इंजन, 6-स्पीड गियरबॉक्स और असिस्ट व स्लिपर क्लच दिया गया है। इस बाइक की खासियत इसका मॉड्यूलर सीटिंग सिस्टम है, जिसमें कुछ ही मिनटों में सिंगल-सीट बॉबर और डुअल-सीट कॉन्फिगरेशन के बीच बदलाव किया जा सकता है। शैडो ब्लैक एडिशन में पूरी तरह स्टेल्थ ऑल-ब्लैक लुक दिया गया है। भारत में इसकी शुरुआती कीमत 1.96 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है।

## पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर सम्मान समारोह और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पूर्व रेलवे के पूर्व रेलवे ऑफिसर्स क्लब, बेलवेडर पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व रेलवे के विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान नामित महिला कर्मचारियों को उनके नेतृत्व, समर्पण और कार्यस्थल पर उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर द्वारा प्रमाणपत्र, उत्तरीय और स्मृति उपहार प्रदान किए गए। इस अवसर पर संगठन के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व रेलवे के आर्थोपेडिक अस्पताल की मेडिकल टीम ने सहयोग किया।

सत्र में महिलाओं से जुड़े महत्व-पूर्ण स्वास्थ्य विषयों जैसे स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, यूटेरिन फाइब्रॉइड्स, मासिक धर्म स्वच्छता और सामान्य नेत्र रोगों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए सीमा देउस्कर ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण किसी भी संगठन की प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए संगठनात्मक विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित किया और सभी से आगे बढ़कर नेतृत्व करने का आह्वान किया।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट में दक्ष'26 का भव्य आयोजन, तकनीक, स्टार्टअप और नवाचार का अनोखा संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के परिसर में 13 और 14 मार्च 2026 को आयोजित संस्थान के प्रमुख टेक्नो-मैनेजमेंट फेस्ट दक्ष'26 ने नवाचार, तकनीक और युवा ऊर्जा का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। दो दिवसीय इस छात्र-प्रेरित महोत्सव में विभिन्न संस्थानों के छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस वर्ष के संस्करण में 1,500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जबकि 350 से अधिक टीमों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पंजीकरण कराया। महोत्सव में 20 से अधिक प्रतिस्पर्धात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें आधुनिक इंजीनियरिंग, उभरती तकनीकों, डिजिटल गेमिंग और उद्यमिता से जुड़े विषय शामिल थे। इसके आयोजन में संस्थान के 200 से अधिक छात्रों ने तकनीक, डिजाइन, वित्त, संचालन, आउटरीच और इवेंट मैनेजमेंट जैसी विभिन्न टीमों में काम करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान 24 घंटे का हैकाथॉन आयोजित किया गया। इस महोत्सव में आयोजित स्टार्ट-अप एक्सपो ने युवा उद्यमियों को अपने शुरुआती व्यावसायिक विचार प्रस्तुत करने और स्टार्टअप इकोसिस्टम के विशेषज्ञों से संवाद का अवसर प्रदान किया। इससे पहले परिसर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एथिकल हैकिंग पर एक ज्ञानवर्धक सेमिनार भी आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की सफलता पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि दक्ष केवल एक तकनीकी महोत्सव नहीं, बल्कि युवा प्रतिभाओं को अपनी रचनात्मकता और नवाचार की क्षमता दिखाने का मंच है। उन्होंने कहा कि 1,500 से अधिक छात्रों और सैकड़ों टीमों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि देश के युवा नई तकनीकों और समाधान विकसित करने के लिए उत्साहित हैं।

वहीं, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल बासब चौधरी ने कहा कि इस महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे पूरी तरह छात्रों ने ही अवधारणा से लेकर योजना और संचालन तक सफलतापूर्वक आयोजित किया। उन्होंने बताया कि 200 से अधिक छात्रों ने विभिन्न टीमों में काम करते हुए आयोजन को सफल बनाया, जिससे उन्हें नेतृत्व, टीमवर्क और प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कौशल सीखने का अवसर मिला।

## सीजीटीए की 36वीं वार्षिक सभा में 21 सदस्यों को मालिकाना दलील, ट्रांसपोर्ट नगर विकास पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े उद्यमियों के प्रमुख संगठन कलकत्ता गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (सीजीटीए) की 36वीं वार्षिक सभा उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर संगठन के 21 सदस्यों को सेवड़ाफुली में प्रस्तावित सीजीटीए नगर में औपचारिक रूप से मालिकाना की दलील (स्वामित्व दस्तावेज) सौंपी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े सदस्य, पदाधिकारी और आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे जिनमें प्रमुख थे- श्याम सुंदर अग्रवाल, अध्यक्ष, संतोष कुमार सराफ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुजीत आर्य, मानद महासचिव, सुभाष चंद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार बंसल, निवर्तमान अध्यक्ष, प्रभात कुमार मित्तल, पूर्व अध्यक्ष, महावीर प्रसाद अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, गोविंद राम



अग्रवाल (ढ़ाणेवाला), अध्यक्ष, सामाजिक कल्याण समिति, प्रमोद कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, सीजीटीए नगर, अरुण कुमार गोयल - सह-अध्यक्ष, सीजीटीए नगर, रोशन लाल गोरखपुरिया-सीजे, डार्कल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड आदि। कोलकाता और आस-पास के अग्रणी परिवहन व्यवसायी भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। सभा के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर में आबंटित जमीन में सरकारी औपचारिकताओं को पूरा करने, पूरे परिसर के विकास, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने तथा इसे देश का सर्वोत्तम ट्रांसपोर्ट नगर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

सीजीटीए नगर के चेयरमैन प्रमोद गुप्ता ने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर केवल व्यापार का केंद्र नहीं, बल्कि हजारों लोगों की आजीविका का आधार भी है। इसलिए इसके समुचित विकास के लिए सभी सदस्यों और संबंधित संस्थाओं का सहयोग आवश्यक है। श्री गुप्ता ने इस नगर के विकास को लेकर सरकार के सकारात्मक नजरिए को उत्साहजनक बताते हुए कहा कि सभी ट्रांसपोर्टरों को सामूहिक रूप से इस नगर के विकास को प्राथमिकता देनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान 21 सदस्यों को मालिकाना की दलील सौंपते हुए उन्होंने इसे संगठन और ट्रांसपोर्ट समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इससे सदस्यों को स्थायित्व और सुरक्षा का भाव मिलेगा तथा भविष्य में निवेश और विकास के नए अवसर भी खुलेंगे। सभा को संबोधित करते हुए संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा, हमारा लक्ष्य केवल ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को आगे बढ़ाने के समानांतर ट्रांसपोर्ट नगर को आधुनिक सुविधाओं, बेहतर सड़कों, स्वच्छ वातावरण और व्यवस्थित प्रबंधन के साथ देश का आदर्श ट्रांसपोर्ट हब बनाना है।

निवर्तमान अध्यक्ष प्रभात मित्तल ने कहा कि चरणबद्ध तरीके से आधारभूत संरचना को मजबूत करने, सुरक्षा व्यवस्था सुधारने, पार्किंग और लॉजिस्टिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी योजनाएं तैयार की जा रही हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकजुट होकर ट्रांसपोर्ट नगर के समग्र विकास और इसे देश का सर्वश्रेष्ठ ट्रांसपोर्ट नगर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। सभा में संगठन की आगामी योजनाओं और भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई, जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया।

## बीरभूम में खदान में भूस्खलन से तीन श्रमिकों की मौत

**बीरभूम :** बीरभूम में एक पत्थर की खदान में भूस्खलन से तीन श्रमिकों की मौत हो गई है। कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। यह घटना सोमवार को बीरभूम के मुरारई थाना इलाके के गोपालपुर में हुई। इससे पहले, पिछले साल सितंबर में बीरभूम के नलहाटी स्थित एक खदान में इसी तरह की दुर्घटना हुई थी, जिसमें पांच श्रमिकों की मौत हो गई थी।



इस दिन खदान में जब यह दुर्घटना घटी, उस समय 12-14 मजदूर काम कर रहे थे। उनमें से लगभग सभी मलबे के नीचे दब गए। स्थानीय लोगों के प्रयासों से कई लोगों को बचाया गया। पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। आशंका है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। इस दुर्घटना ने राजनीतिक विवाद को भी जन्म दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना में प्रभावित खदान के मालिक बीरभूम जिला परिषद के अधीक्षक सिराजुल इस्लाम हैं। भाजपा ने खदान के मालिक की गिरफ्तारी की मांग की है। भाजपा के पूर्व संगठनात्मक जिला अध्यक्ष ध्रुव साहा ने कहा कि खदान अवैध है। चुनावी आचार संहिता लागू हो चुकी है। हम पुलिस से मांग करते हैं कि आरोपित टीएमसी नेता को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

### एक्सिस बैंक ने महिला दिवस पर उद्यमियों और बदलाव लाने वाली महिलाओं का किया सम्मान

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक्सिस बैंक ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोलकाता में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर पश्चिम बंगाल की महिला उद्यमियों और समाज में बदलाव लाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेत्री एकावली खन्ना मौजूद रहीं। इस अवसर पर पर्वतारोही और मोटिवेशनल स्पीकर पियाली बसाक, मॉडल और अभिनेत्री रिचा शर्मा तथा जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की निदेशक धृति बनर्जी सहित कई प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया गया। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख सत्तार अली ने कहा कि महिला उद्यमी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस प्रमुख पियाली रेड्डी ने कहा कि महिलाओं को अवसर देने के साथ-साथ ऐसा माहौल बनाना भी जरूरी है।

# दक्षिण 24 परगना में बनाए जाएंगे 8,874 मतदान केंद्र, चुनाव की तैयारियां तेज

## 2,323 मतदान केंद्र पूरी तरह महिला कर्मियों द्वारा होंगे संचालित

## जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 77 लाख 62 हजार 298

**कोलकाता :** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दक्षिण 24 परगना जिले में चुनाव की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार मीणा ने सोमवार को जिला शासक कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में चुनाव संबंधी तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।




जिला प्रशासन के अनुसार दक्षिण 24 परगना की 31 विधानसभा सीटों में कुल 8,874 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। आवश्यकता पड़ने पर सहायक मतदान केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे, ताकि मतदाताओं को मतदान में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मतदान प्रक्रिया के संचालन के लिए लगभग 59 हजार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनमें 2,323 मतदान केंद्र पूरी तरह महिला कर्मियों द्वारा संचालित होंगे, जबकि 20 मतदान केंद्र दिव्यांग कर्मियों द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके अलावा 31 मतदान केंद्रों को मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 77 लाख 62 हजार 298 है, जिसमें पुरुष मतदाता 39 लाख 62 हजार 893, महिला मतदाता 37 लाख 99 हजार 128 और तृतीय लिंग के 277 मतदाता शामिल हैं।

चुनाव संचालन के लिए जिले की प्रत्येक विधानसभा सीट पर एक-एक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इस प्रकार कुल 31 रिटर्निंग ऑफिसर चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करेंगे, जिन्हें सहायक रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य चुनाव अधिकारी सहयोग करेंगे।

चुनाव संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से 21 विशेष चुनाव सेल बनाए गए हैं। इनमें ईवीएम प्रबंधन सेल, आचार संहिता निगरानी सेल, व्यय निगरानी सेल, मतदान कर्मी प्रशिक्षण सेल, मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग समिति, शिकायत निगरानी सेल, परिवहन सेल, कानून-व्यवस्था सेल तथा सूचना प्रौद्योगिकी और संचार सेल प्रमुख हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि उम्मीदवारों के नामांकन पत्र संबंधित रिटर्निंग ऑफिसरों के कार्यालय में जमा किए जाएंगे। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नामांकन केंद्र निर्धारित किए गए हैं।

चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के बाद पहले 72 घंटों में प्रशासन ने कई अहम कदम उठाए हैं। जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेसों को चुनाव संबंधी मुद्रित सामग्री की जानकारी देने के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसके अलावा राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च की निगरानी व्यवस्था और विज्ञापन दरों के बारे में जानकारी दी गई है।

मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों की निगरानी के लिए मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग समिति को सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही चुनावी खर्च से संबंधित नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है।

इसके अलावा शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए निगरानी प्रणाली को मजबूत किया गया है और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराने के लिए सी-विजिल एप को भी सक्रिय किया गया है। मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर वहां न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। चुनावी गतिविधियों के समन्वय के लिए कंट्रोल रूम और विभिन्न चुनाव सेल भी सक्रिय कर दिए गए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार मीणा ने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, मीडिया संस्थानों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# गिरीश पार्क थाने पर भाजपा का जोरदार प्रदर्शन, बैरिकेड तोड़ धरने पर बैठे समर्थक

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रिगेड चलो कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं पर कथित हमले के विरोध में सोमवार को पार्टी समर्थकों ने गिरीश पार्क थाने के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया और कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स हटाते हुए थाने के मुख्य द्वार तक पहुंचकर धरना दिया। भाजपा के जिला अध्यक्ष तमोघना घोष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गिरीश पार्क थाने के बाहर जुटे और राज्य सरकार तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान स्थिति उस समय और गरमा गई जब आक्रोशित समर्थकों ने पुलिस की घेराबंदी पार कर दी। इसके बाद



कार्यकर्ता थाने के सामने ही बैठकर विरोध जताने लगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष तमोघना घोष व्हीलचेयर पर बैठकर प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पहुंचे। उन्होंने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है और विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रशासन की कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के बावजूद भाजपा कार्यकर्ता पीछे हटने वाले नहीं हैं। प्रदर्शन में शामिल वार्ड नंबर 22 की पार्षद मीना देवी पुरोहित ने 14 मार्च की घटना का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे भाजपा समर्थकों पर तृणमूल समर्थकों ने पथराव किया और बसों में तोड़फोड़ की। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद अब तक हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी नहीं की गई है। काफी देर तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने गिरीश पार्क थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को कोलकाता समेत पूरे राज्य में और तेज किया जाएगा।

# तृणमूल ने राष्ट्रपति मुर्मू को तीसरा पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को तीसरा पत्र लिखकर उनसे मिलने का समय मांगा है ताकि उन्हें पश्चिम बंगाल सरकार की कल्याणकारी पहलों के बारे में जानकारी दी जा सके। इससे पहले भी बैठक के लिए किए गए उसके अनुरोधों को ठुकरा दिया गया था। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। ये घटनाक्रम राष्ट्रपति की इस महीने की शुरुआत में पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान हुए विवाद की पृष्ठभूमि में सामने आए हैं, जहां उन्होंने राज्य प्रशासन द्वारा आदिवासी सम्मेलन और प्रोटोकॉल संबंधी मुद्दों को लेकर असंतोष व्यक्त किया था। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने सोमवार को राष्ट्रपति को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा। सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी ने मुर्मू को यह तीसरा पत्र भेजा है, इससे पहले उनके (राष्ट्रपति) अधिकारी ने समय की कमी का हवाला देते हुए उनके पहले के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। घटनाक्रम से परिचित एक सूत्र के अनुसार, तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने नौ मार्च को राष्ट्रपति मुर्मू को पत्र लिखकर सांसदों और राज्य के मंत्रियों सहित 12 से 15 सदस्यीय पार्टी प्रतिनिधिमंडल के लिए समय मांगा था। पत्र में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल मुर्मू के साथ पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के समावेशी विकास के लिए की गई कल्याणकारी पहलों को साझा करना चाहता है। हालांकि, इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति भवन ने तृणमूल को एक पत्र भेजकर सूचित किया कि उसके अनुरोध पर विचार किया गया था, लेकिन समय की कमी के कारण इसे स्वीकार नहीं किया जा सका। तृणमूल नेता ने 11 मार्च को राष्ट्रपति को फिर से पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। सूत्रों के अनुसार, सोमवार को राष्ट्रपति भवन को मिलने के समय का अनुरोध करते हुए तीसरा पत्र भेजा गया।

### मुर्शिदाबाद हिंसा: शीर्ष अदालत ने बंगाल सरकार की उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें जनवरी में मुर्शिदाबाद जिले में हुई हिंसा की घटनाओं की एनआईए जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने 'संतुलित दृष्टिकोण' अपनाया है। उच्चतम न्यायालय राज्य द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उच्च न्यायालय के 26 फरवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने मुर्शिदाबाद हिंसा मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान, शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार की एक अन्य याचिका पर अपने 11 फरवरी के आदेश का हवाला दिया। उच्चतम न्यायालय ने तब एनआईए को मुर्शिदाबाद में हिंसा और अशांति की बार-बार होने वाली घटनाओं से संबंधित मामले में आतंकवादी कृत्यों से संबंधित यूएपीए प्रावधान को लागू करने के औचित्य को बताते हुए उच्च न्यायालय के समक्ष एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा था। राज्य की अपील का निपटारा करते हुए, पीठ ने सरकार को एनआईए जांच के खिलाफ अपनी शिकायतों के साथ उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा था।

### बीमारी से मानसिक रूप से टूटे वृद्ध दंपति ने की आत्महत्या, घर से मिला सुसाइड नोट

**कोलकाता :** हरिदेवपुर इलाके में रविवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां एक वृद्ध दंपति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घर के भीतर से दोनों के शव बरामद किए हैं। साथ ही कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें दंपति ने अपनी देह उनके देखभाल करने वाले युवक को सौंपने की इच्छा जताई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हरिदेवपुर के महात्मा गांधी रोड स्थित एक दोमंजिला मकान की पहली मंजिल पर वृद्ध दंपति विकास दास (72) और बसंती दास (63) किराये पर रहते थे। विकास दास जमीन और मकान की दलाली का काम करते थे, लेकिन कुछ वर्ष पहले वह गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे और पक्षाघात से ग्रस्त हो गए थे। इसके कारण वह ठीक से चल-फिर भी नहीं पाते थे। बताया जा रहा है कि लंबे समय से पति की देखभाल करते-करते उनकी पत्नी बसंती दास मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई थीं। दंपति की कोई संतान नहीं थी, हालांकि इलाके का ही एक युवक उनकी देखभाल करता था। रविवार सुबह से ही उनके घर का दरवाजा बंद था। शनिवार शाम से लेकर रविवार रात तक घर से कोई हलचल न होने पर पड़ोसियों को संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। अंदर जाकर देखा कि बरामदे की छत से साड़ी के फंदे से बसंती दास लटकी हुई थीं, जबकि कमरे के भीतर पंखे से आंशिक रूप से लटके हुए विकास दास का शव मिला। सूचना मिलने पर हरिदेवपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि बीमारी और मानसिक तनाव के कारण दंपति ने आत्महत्या का कदम उठाया। हालांकि पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बरामद सुसाइड नोट की भी जांच की जा रही है।

# मतदान की घोषणा के बाद सुरक्षा कड़ी, बैंडेल स्टेशन पर सघन तलाशी अभियान

**हुगली :** चुनाव की घोषणा के बाद जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सोमवार सुबह से बैंडेल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से सघन तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान यात्रियों के बैग की जांच के साथ उनसे पूछताछ भी की गई। अधिकारियों के अनुसार चुनाव से पहले किसी भी प्रकार की नाशकता या अवैध गतिविधि को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिसकर्मियों ने प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों के सामान की जांच की और ट्रेनों के अंदर जाकर हैंड मेटल डिटेक्टर से भी तलाशी ली। बड़े बैग, बोरे और अन्य सामानों की भी बारीकी से जांच की गई। संदेहास्पद व्यक्तियों से मौके पर ही पूछताछ की




गई। यात्रियों का कहना है कि इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष जारी रहनी चाहिए ताकि रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। बैंडेल जीआरपी के प्रभारी अधिकारी तुजाम्माल हक ने बताया कि चुनाव की घोषणा के बाद अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या नाशकता को रोकने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है और अवैध हथियार या नकदी की तस्करी पर भी नजर रखी जा रही है। नियमित रूप से इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी।

# फेसबुक पोस्ट को लेकर चंडीतला में दो गुटों में झड़प, तोड़फोड़ के बाद पांच गिरफ्तार

**हुगली :** जिले के चंडीतला थाना क्षेत्र के गरलगाछा पंचायत के कृष्णरामपुर इलाके में फेसबुक पोस्ट को लेकर दो गुटों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। घटना के दौरान तोड़फोड़ और पत्थरबाजी की गई, जिसमें पुलिसकर्मियों सहित कई लोग घायल हो गए।

स्थिति बेकाबू होती देख पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात पर काबू पाया। घटना के बाद इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है। भारतीय जनता पार्टी के श्रीरामपुर सांगठनिक जिला उपाध्यक्ष दिलीप सिंह के अनुसार सोशल मीडिया पर की गई एक पोस्ट को लेकर विवाद शुरू हुआ था। पुलिस ने पोस्ट करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोगों ने उसके घर पर हमला कर तोड़फोड़ की। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर उपद्रवियों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। वहीं तृणमूल कांग्रेस के विधायक अरिंदम गुइन ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा शांत बंगाल में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही है और लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों को पकड़ने के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस पर पथराव किया, जिससे पुलिस की दो गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं और कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। फिलहाल इलाके में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

### रमज़ान के दौरान अजमेर के ओयो होटल वैभव में मेहमानों के लिए ठहरने की नि:शुल्क सुविधा

**कोलकाता :** रमज़ान के महीने के दौरान समुदाय के प्रति समर्थन और सेवा भाव के तहत, ओयो के अजमेर स्थित ओयो होटल वैभव रोज़ा रखने वाले मेहमानों के लिए ठहरने की मुफ्त सुविधा पेश कर रहा है। यह होटल नया बाज़ार क्षेत्र में, अजमेर शरीफ दरगाह के पास स्थित है, जिसका उद्देश्य रमज़ान के दौरान यहाँ आने वाले यात्रियों और ज़ायरीन (श्रद्धालुओं) को आराम और सम्मान के साथ ठहरने की सुविधा प्रदान करना है। इस पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए, होटल वैभव के प्रबंध निदेशक आदित्य गोयल ने कहा, विगत दस वर्षों से रमज़ान के पाक महीने में हम अपने मेहमानों को यह सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से हमारा प्रयास है कि आने वाले श्रद्धालु अपनी आध्यात्मिक यात्रा को सहजता और सम्मान के साथ पूरा कर सकें।

### अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्रांगण में बुलबुल कैंप का आयोजन



**हावड़ा :** लिलुआ स्थित अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राथमिक विभाग में दसवें बुलबुल का आयोजन किया गया। जिसमें नन्ही बुलबुलों के स्वागत के लिए चित्रपट्ट सजाया गया था। विद्यालय की उप-प्राचार्या श्रीमती काकोली नाग सहित वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षिकाओं एवं नन्हीं-नन्हीं बुलबुलों की उपस्थिति में छात्राओं ने कैंप में आयोजित गतिविधियों (अग्नि रहित खाना बनाना, रंगोली, अपशिष्ट से सर्वोत्तम, नृत्य-गीत आदि) में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और भरपूर आनंद उठाया। कैंप के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा नृत्य, गीत एवं मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। विद्यालय के गणमान्य सदस्यों द्वारा सर्वश्रेष्ठ बुलबुल एवं प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। समूह छायाचित्र, राष्ट्र गान और बुलबुलों को ठंडे पेय वितरण के साथ कैंप का समापन हुआ।

# कोलकाता में कालबैशाखी का कहर

**❏ तेज आंधी-बारिश और बिजली गिरने से जनजीवन प्रभावित**

**कोलकाता :** सोमवार की रात को महानगर कोलकाता में कालबैशाखी तूफान के साथ तेज आंधी और मूसलाधार बारिश हुई। तेज हवाओं और लगातार बिजली गिरने से शहर के कई इलाकों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई स्थानों पर पेड़ गिरने की भी खबर सामने आई, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई।



मौसम विभाग ने पहले ही आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की थी। केवल कोलकाता ही नहीं, बल्कि दक्षिण बंगाल के कई जिलों में भी कालबैशाखी तूफान की आशंका जताई गई थी। रात करीब आठ बजे के बाद कोलकाता का आसमान घने काले बादलों से ढक गया था। कुछ ही देर में तेज हवा चलनी शुरू हो गई और उसके बाद बारिश शुरू हो गई। धीरे-धीरे बारिश की तीव्रता बढ़ती गई और कई जगहों पर मूसलाधार वर्षा होने लगी।

इस दौरान कोलकाता के साथ-साथ हावड़ा, हुगली तथा उत्तर और दक्षिण 24 परगना के कई इलाकों में भी भारी बारिश दर्ज की गई। पिकनिक गार्डेन सहित कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि होने की भी खबर मिली।

तेज हवाओं और बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे यातायात बाधित हुआ। कार्यालय से लौट रहे कई लोग रास्ते में ही बारिश में फंस गए।

इसी बीच जादवपुर विश्वविद्यालय के तीन नंबर गेट के पास एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जिससे कुछ समय के लिए उस इलाके में यातायात प्रभावित हुआ। तेज हवाओं के कारण शहर के अन्य हिस्सों में भी पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं।

तेज आंधी-बारिश के साथ लगातार बिजली गिरने से लोगों में दहशत का माहौल रहा। उत्तर और दक्षिण 24 परगना तथा हावड़ा-हुगली जिलों में भी देर रात तक तेज तूफान और बारिश का दौर जारी रहा।

# अवैध काल सेंटर मामले में ईडी ने बंगाल के 10 स्थानों पर छापेमारी की

**❏ सिलीगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर सहित कई शहरों में छापेमारी की गई**

**कोलकाता :** ईडी ने सोमवार को बंगाल में अवैध काल सेंटर के संचालन से जुड़े मामले में 10 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारियों ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामले से जुड़े आरोपितों के बारे में मिली सूचनाओं के आधार पर एक साथ कई स्थानों पर छापेमारी की।

सोमवार तड़के राज्य के सिलीगुड़ी, हावड़ा, बिधाननगर और दुर्गापुर सहित कई शहरों में छापेमारी की गई। यह छापेमारी काल सेंटर नेटवर्क से जुड़ी संदिग्ध वित्तीय अनियमितताओं और धोखाधड़ी की गतिविधियों की चल रही जांच का हिस्सा थी। अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान से जुड़े माने जाने वाले कई व्यक्तियों के ठिकानों पर तलाशी ली गई। जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली गई उनमें सुरकर, सम्राट घोष और सुभाजित चक्रवर्ती शामिल हैं। अवैध गतिविधियों से संबंधित वित्तीय लेन-देन के सुबूत जुटाने और उनका पता लगाने के लिए कार्रवाई शुरू की गई है। जांच के तहत दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और अन्य सामग्री की जांच की जाएगी।

# बालुरघाट विधायक और पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. अशोक लाहिरी ने पश्चिम बंगाल की वर्तमान नीतियों पर उठाए सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा के बालुरघाट विधायक और भारत सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. अशोक लाहिरी ने सोमवार को भाजपा सॉल्टलेक कार्यालय से प्रेस वार्ता कर पश्चिम बंगाल में राजनीतिक और आर्थिक नीतियों को लेकर कई गंभीर मुद्दे उठाए। डॉ. लाहिरी ने कहा कि चुनाव आयोग ने राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है, जिसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अचानक लंबित भुगतान की घोषणाएं कर दी। दोपहर 2:40 बजे मुअज्जिन और पुजारी भत्ते बढ़ाने की घोषणा की गई, जबकि 3:05 बजे डीए का भुगतान करने की घोषणा कर सरकार ने अभूतपूर्व कपटपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया।



डॉ. लाहिरी ने कहा, मुख्यमंत्री पहले डीए को दान कहती थीं और सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दाखिल की, लेकिन चुनाव नजदीक आते ही इसे कर्मचारियों का अधिकार घोषित कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर मुख्यमंत्री पहले डीए देना चाहती थीं, तो अब क्यों अचानक भुगतान किया जा रहा है। डॉ. लाहिरी ने लोकहितकारी योजनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लोकहित भंडार, कन्याश्री, रूपाश्री और युवासाथी जैसी योजनाओं को बढ़ा रही हैं, लेकिन दीर्घकालीन रोजगार समाधान लागू नहीं कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा में पेश बजट पर कोई चर्चा नहीं होती और अंतरिम बजट पास कर दिया जाता है।

उन्होंने सांप्रदायिक तनाव को लेकर भी चिंता जताई। डॉ. लाहिरी ने कहा कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक समुदाय की रक्षा का दावा करती हैं और बहुसंख्यक समुदाय को धमकी दे रही हैं, जो राज्य में सांप्रदायिक माहौल पैदा कर रहा है। उन्होंने भाजपा की छवि को भी स्पष्ट किया कि पार्टी संपूर्ण समाज और लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है। डॉ. लाहिरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के उत्तर बंगाल दौरे का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें असमान और अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़ा, जबकि गैर-जनजातीय या सामान्य बंगाली समुदाय से संबंधित व्यक्ति के साथ ऐसा नहीं होता। उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित पश्चिम बंगाल प्रस्ताव की सराहना की और कहा कि इसमें सभी सरकारी कर्मचारियों को डीए, बेरोजगारों के लिए उम्र में छूट, राजनैतिक वंशवाद का अंत, और अवैध प्रवासियों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। डॉ. लाहिरी की प्रेस वार्ता में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे और उन्होंने राज्य सरकार की नीतियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

# हुगली में भीषण सड़क हादसा, कार पेड़ से टकराकर पलटी; तीन की मौत, चालक गंभीर

**हुगली :** जिले के पोलबा थाना क्षेत्र में चूंचुड़ा-तारकेश्वर रोड पर सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना पोलबा के सोनादार मैदान इलाके में हुई। पुलिस सूत्रों के अनुसार दादपुर से चूंचुड़ा लौट रही एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई और पलट गई। कार में चालक सहित चार लोग सवार थे। चालक की पहचान सैयद सागिर हुसैन के रूप में हुई है, जो दादपुर का निवासी बताया गया है। कार में सवार अन्य लोगों में हरियाणा निवासी योगिता राणा (21), रनाघाट निवासी ज्योति विश्वास (21) और दादपुर निवासी शेख हसीब अहमद (30) शामिल थे। बताया गया कि योगिता और ज्योति दादपुर के एक



पानशाला में बार डांसर के रूप में काम करती थीं। जानकारी के मुताबिक चारों लोग गुडाप स्थित आजाद हिंद ढाबा में खाना खाने के बाद चूंचुड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान पोलबा के अलीनगर पार करने के बाद सड़क पार कर रहे एक कुत्ते को बचाने की कोशिश में चालक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया। कार पहले सड़क किनारे एक पेड़ से टकराई और फिर उछलकर दूसरी ओर जाकर दूसरे पेड़ से टकराते हुए पलट गई। सूचना मिलते ही पश्चिम बंगाल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को निकालकर चूंचुड़ा इमामबाड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। हुगली ग्रामीण पुलिस के डीएसपी (डी एंड टी) प्रियव्रत बक्शी ने बताया कि हादसे में दो युवतियों सहित तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि चालक की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### त्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में एक घर में मां-बेटे के खून से लथपथ शव मिले

**प्रतापगढ़ (उप्र):** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक महिला और उसके बेटे के शव मिले हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सोमवार को बताया कि पारा हमीदपुर गांव में स्थित एक मकान में खून से लथपथ दो लोगों के शव मिले हैं, जिनकी रविवार को धारदार हथियार से हत्या की गई थी। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान शिवपत्ति मौर्य (40 ) और अयान (12) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पति दिनेश कामकाज के सिलसिले में बाहर रहता है, सोमवार सुबह एक व्यक्ति ने शवों को देखने के बाद गांववालों को सूचित किया।

### लखनऊ के गोमती नगर में हुई सड़क दुर्घटना में 16 वर्षीय लड़के की मौत

**लखनऊ:** राजधानी लखनऊ के गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में जनेश्वर मिश्र पार्क के निकट सड़क दुर्घटना में 16 साल के लड़के की मौत हो गई। थाना प्रभारी सुधीर अवस्थी ने सोमवार को बताया कि रविवार को मोटरसाइकिल सवार नैतिक (16) जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट संख्या चार से गेट नंबर पांच की ओर तेज रफ्तार से जा रहा था। उन्होंने बताया कि इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पहले एक स्कूटी से टकराई और उसके बाद एक अन्य वाहन से भी उसकी टक्कर हो गई। अवस्थी ने बताया कि इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार, स्कूटी सवार और दूसरे वाहन का मालिक भी घायल हो गए जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने नैतिक को मृत घोषित कर दिया। अवस्थी ने बताया कि मृतक के परिवार ने उसके शव का पोस्टमार्टम न कराने का अनुरोध किया था, जिसके बाद रविवार को ही शव उन्हें सौंप दिया गया।

### उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में बाघ के हमले में युवक की मौत

**लखीमपुर खीरी (उप्र):** लखीमपुर खीरी जिले के हैदराबाद क्षेत्र में सोमवार शाम गन्ने के खेत में काम कर रहे एक युवक को बाघ ने हमला करके मार डाला। दक्षिण खीरी के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) तापस मिहिर ने यहां बताया कि हैदराबाद थाना क्षेत्र के नंदलालपुरवा गांव के रहने वाला 28 वर्षीय मनोज कुमार शाम गन्ने के खेत में काम कर रहा था तभी एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि कुमार को गंभीर रूप से घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां थोड़ी ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

# केवल परिवार और रिश्तेदारों के बारे में सोचती थी सपा सरकार : आदित्यनाथ



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य की पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि वर्ष 2017 से पहले राज्य में जो सरकार थी वह केवल परिवार और रिश्तेदारों के बारे में सोचती थी। मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों के कुल 90 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2 की पहली किस्त वितरित करने के सिलसिले में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि साल 2017 में राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली सरकार बनने से पहले से पहले प्रदेश सरकार गरीबों को घर का लाभ नहीं दे रही थी। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं था कि प्रधानमंत्री ने घोषणा न की हो लेकिन प्रदेश सरकार में इच्छा शक्ति नहीं थी। जब व्यक्ति स्वार्थ में डूबा होता है तो उसकी संवेदना मर जाती है। परमार्थ से उसका संबंध दूर-दूर तक नहीं रह जाता और वह केवल अपने और अपने परिवार के बारे में सोचता है। आदित्यनाथ ने आरोप लगाते हुए कहा, वर्ष 2017 से पहले राज्य में जो सरकार थी, वह केवल अपने बारे में सोचती थी, एक परिवार के बारे में सोचती थी, अपने रिश्तेदारों के बारे में सोचती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी तो उसके लिए राज्य की 25 करोड़ की आबादी ही उसका परिवार हो गया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर पात्र व्यक्ति को मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2 के तहत पहली किस्त पाने वाले सभी 90 हजार परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना एक घर हो और इस योजना के तहत अब तक देश में 62 लाख परिवारों को उनका पक्का मकान दिया जा चुका है।

### नशा और स्मार्टफोन दोनों ही समान रूप से हानिकारकः मुख्यमंत्री योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को बच्चों पर स्मार्टफोन के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया और चेतावनी दी कि अत्यधिक उपयोग उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि नशा और स्मार्टफोन दोनों ही समान रूप से हानिकारक हैं। मुख्यमंत्री ने माता-पिता से आग्रह किया कि वे बच्चों को स्मार्टफोन न दें और उन्हें पढ़ाई, योग व शारीरिक व्यायाम के लिए प्रेरित करें। योगी ने जालोर में एक धार्मिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लंबे समय तक मोबाइल फोन और कंप्यूटर की स्क्रीन देखने से आंखों पर असर पड़ता है, दिनचर्या बिगड़ती है और अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

### राजग के सभी 202 विधायकों ने डाला वोट, महागठबंधन के चार विधायकों ने नहीं किया मतदानः जदयू

**पटनाः** बिहार में राज्यसभा चुनाव के लिए सोमवार को हो रहे मतदान के बीच जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता और मंत्री श्रवण कुमार ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी 202 विधायकों ने वोट डाल दिया है जबकि विपक्षी महागठबंधन के चार विधायकों ने अब तक मतदान नहीं किया। कुमार के अनुसार राजग के सभी विधायकों की एकजुटता स्पष्ट दिखाई दी है और गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनावी मुकाबले में उतरा है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान राजग के सभी 202 विधायकों ने वोट डालकर अपनी एकता और रणनीतिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, हालांकि विपक्षी महागठबंधन के चार विधायक मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इनमें ढाका से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायक फैजल रहमान और कांग्रेस के तीन विधायक मनिहारी के मनोहर प्रसाद सिंह, वाल्मीकिनगर के सुरेंद्र कुशवाहा तथा फारबिसगंज के मनोज विश्वास ने मतदान नहीं किया है। इन विधायकों की अनुपस्थिति ने महागठबंधन की रणनीति को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान की विकास यात्रा में जनजातीय समाज का योगदान अतुलनीयः मुख्यमंत्री शर्मा



**जयपुरः** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि जनजातीय समाज अपनी समृद्ध परंपरा, विशिष्ट संस्कृति तथा प्रकृति के साथ गहरे संबंध के लिए प्रसिद्ध है और देश-प्रदेश का विकास इस समाज की सक्रिय भागीदारी से ही संभव हो सकेगा। शर्मा जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के कल्याण के लिए निरंतर काम कर रही है, इसी के तहत राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके यह दिन आदिवासियों को समर्पित किया गया है, जिन्होंने राजस्थान की विकास यात्रा में अतुलनीय योगदान दिया है। आधिकारिक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि बेणेश्वर धाम की ऐतिहासिक भूमि आदिवासी आस्था का सबसे बड़ा केन्द्र है और राज्य सरकार धाम का सौंदर्यीकरण कराएगी, जिसके संबंध में परियोजना रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है।

### इच्छामृत्यु की अनुमति के बाद चिकित्सीय परामर्श के साथ आध्यात्म का भी सहारा ले रहा हरीश का परिवार

**गाजियाबाद (उप्र):** उच्चतम न्यायालय द्वारा इच्छामृत्यु की अनुमति दिए जाने के बाद 31 वर्षीय हरीश राणा के परिवार ने उन्हें अंतिम विदायी देने के लिए चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ आध्यात्मिक मार्गदर्शन का भी सहारा लिया है। राणा 12 साल से अधिक समय से कोमा में हैं। राणा को गाजियाबाद स्थित उनके घर से दिल्ली के एक अस्पताल ले जाया जाएगा, जहां वह अंतिम सांस लेंगे। राणा भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हैं। पिछले सप्ताह अपने ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को यह भी निर्देश दिया कि जीवन रक्षक प्रणाली को एक सुनियोजित तरीके से हटाया जाए ताकि व्यक्ति की गरिमा का ध्यान रखा जा सके। हालांकि यह प्रक्रिया कब और कैसे आगे बढ़ेगी, इसके सटीक विवरण अभी स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन राणा का परिवार उन्हें अंतिम विदाई देने की तैयारी कर रहा है। राणा 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गये थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में हैं।

### राष्ट्रपति मुर्मू 19 मार्च से उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर, राम मंदिर के करेंगी दर्शन

**लखनऊ/मथुरा :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च से उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगी और इस दौरान वह अयोध्या और मथुरा जाएंगी। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। द्रौपदी मुर्मू 19 मार्च को अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन करेंगी और आरती में शामिल होंगी। उसी दिन वह मथुरा पहुंचकर वृंदावन स्थित इस्कॉन मंदिर में दर्शन करेंगी और आरती में शामिल होंगी। राष्ट्रपति इसके बाद वृंदावन के प्रेम मंदिर जाएंगी। मुर्मू 20 मार्च को वृंदावन के वराह घाट के पास परिक्रमा मार्ग पर स्थित श्री प्रेमानंद जी महाराज आश्रम (श्री हित राधा केली कुंज) जाएंगी। वह वृंदावन में बाबा नीब करौरी की समाधि पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित करेंगी। मुर्मू, वृंदावन में उड़िया बाबा आश्रम और दावानल कुंड भी जाएंगी। राष्ट्रपति 20 मार्च को वृंदावन में स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम (धर्मार्थ अस्पताल) के नए ऑन्कोलॉजी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगी और वृंदावन के वात्सल्य ग्राम का दौरा करेंगी। मथुरा के वात्सल्य ग्राम के प्रवक्ता उमाशंकर राही ने बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू अपनी तीन दिवसीय ब्रज यात्रा में 20 मार्च (मंगलवार) को मथुरा में साध्वी ऋतंभरा द्वारा वृन्दावन मार्ग पर स्थापित वात्सल्य ग्राम के 'समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल में पहुंचेंगी और बच्चों से संवाद करेंगी।

### रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी के मामलों में 70 मुकदमे दर्ज, 10 लोग गिरफ्तार

**लखनऊ :** देश में रसोई गैस सिलेंडर की कमी के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने इसकी कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए की गई कार्रवाई के तहत प्रदेश में 12 मार्च से अब तक 4,816 स्थानों पर छापे मार कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि पूरे प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी व अवैध बिक्री के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और इसके तहत 12 मार्च से अब तक प्रदेशभर में 4,816 स्थानों पर छापेमारी की गई है।

## बिहार: महागठबंधन के चार विधायकों के अनुपस्थित रहने से राज्यसभा की सभी पांच सीट पर राजग की जीत



**नीतीश कुमार और नितिन नवीन राज्यसभा के लिए निर्वाचित**

**पटना :** बिहार में सोमवार को राज्यसभा चुनाव में सभी पांच सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने जीत हासिल की। मतदान के दौरान विपक्षी महागठबंधन के चार विधायकों की गैरहाजिरी से राजनीतिक समीकरण बदल गया, जिससे राजग को निर्णायक बढ़त मिल गई। चुनाव में राजग के उम्मीदवार जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रथम वरीयता के 44 वोट मिले, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को भी 44 मत प्राप्त हुए। वहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा को 42 और जदयू के रामनाथ ठाकुर को भी 42 वोट मिले। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह को केवल 37 वोट मिले। इसके बाद द्वितीय वरीयता के मतों की गिनती में भाजपा के उम्मीदवार शिवेश राम की जीत के साथ ही पांचवीं सीट भी राजग के खाते में चली गई। उल्लेखनीय है कि राज्य में विधायकों की संख्या और निर्धारित फार्मूले के तहत जीत के लिए 41 विधायकों के मतों की आवश्यकता थी। राज्यसभा चुनाव के बहाने बिहार की राजनीति में बड़ा सियासी उलटफेर देखने को मिला। चुनावी गणित जहां महागठबंधन के पक्ष में जाता हुआ दिखाई दे रहा था, वहीं मतदान के दिन चार विधायकों की गैरहाजिरी ने पूरा समीकरण बदल दिया। नतीजतन राजग ने पांचों सीटों पर जीत हासिल की और महागठबंधन की रणनीति विफल हो गई।

# उत्तर प्रदेश में आईएसआईएस से जुड़े होने के आरोप में छात्र गिरफ्तार



**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से जुड़े होने के आरोप में 19 साल के एक छात्र को गिरफ्तार किया है। एटीएस के एक बयान के अनुसार रविवार को मुरादाबाद से गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान सहारनपुर जिले के मानक मऊ इलाके के रहने वाले हारिस अली के रूप में हुई है। बयान में कहा गया है कि यह गिरफ्तारी भारत में सक्रिय आईएसआईएस से जुड़े ऑनलाइन नेटवर्क की गतिविधियों की जांच के दौरान की गई। अधिकारियों ने बताया कि हारिस अली बीडीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है और उस पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया मंच और इंस्टाग्राम, सेशन और डिस्कॉर्ड जैसे एन्क्रिप्टेड एप्लिकेशन के जरिए आईएसआईएस के कार्यकर्ताओं और हमदर्दों से जुड़ा था। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि उत्तर प्रदेश और देश के अन्य हिस्सों में कुछ लोग ऑनलाइन ग्रुप बना रहे थे। उन्होंने दावा किया कि इन ग्रुप का मकसद आईएसआईएस की आतंकवादी विचारधारा और भारत समेत पूरी दुनिया में शरिया-आधारित खिलाफत व्यवस्था स्थापित करने के उसके लक्ष्य का प्रचार करना, और भारत में इस आतंकी संगठन को मजबूत करने के लिए लोगों की भर्ती करना था। अधिकारियों ने बताया कि इन ग्रुप का इस्तेमाल कथित तौर पर प्रचार सामग्री, चरमपंथी साहित्य और आईएसआईएस की गतिविधियों से जुड़े निर्देश साझा करने के लिए किया जाता था। बयान के अनुसार लखनऊ में एटीएस थाने में गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया।

### उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री राजभर के काफिले को दिखाया गया काला झंडा, हिरासत में एक युवक

**महराजगंज (उप्र):** उत्तर प्रदेश के महराजगंज में राज्य के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर के काफिले को एक युवक ने काला झंडा दिखाया, जिसके बाद पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री राजभर 'सामाजिक सद्भाव महारैली' में शामिल होने के लिए जिला मुख्यालय पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार इस दौरान एक युवक ने अचानक मंत्री के काफिले के पास आकर काला झंडा लहराया। उन्होंने बताया कि युवक को रोकने के लिये कुछ कार्यकर्ता उसकी ओर दौड़े लेकिन इसी बीच, पुलिसकर्मियों ने तुरंत युवक को हिरासत में लेकर वहां से हटा दिया। अधिकारियों ने बताया कि युवक ने यह हरकत क्यों की इसका कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है और उससे पूछताछ की जा रही है।



## व्रत - त्यौहार

17.03.2026 : मासिक शिवरात्रि
18.03.2026 : श्राद्ध की अमावस्या
19.03.2026 : वासंतिक नवरात्र आरम्भ, कलश स्थापन, विक्रम संवत् 2083 आरम्भ

## 19 मार्च से पहले घर ले आएं ये पांच चीजें

चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा की आराधना का अत्यंत पवित्र पर्व माना जाता है। इस दौरान भक्त मां दुर्गा की पूजा-उपासना करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नवरात्रि शुरू होने से पहले कुछ शुभ वस्तुएं घर लाने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। साल 2026 में चैत्र नवरात्रि का आरंभ 19 मार्च से होने जा रहा है। मान्यता है कि घटस्थापना से पहले कुछ पवित्र चीजें घर में लाने से वास्तु दोष कम होते हैं और आर्थिक समस्याओं से भी राहत मिल सकती है। आइए जानते हैं कौन सी वस्तुएं घर लानी चाहिए।

**सोने या चांदी का सिक्का**

नवरात्रि से पहले सोने या चांदी का सिक्का खरीदना शुभ माना जाता है। यदि उस सिक्के पर मां लक्ष्मी या भगवान गणेश की आकृति बनी हो तो इसे और भी शुभ माना जाता है। नवरात्रि के दिनों में इसे पूजा में रखें और बाद में तिजोरी या लॉकर में संभालकर रखने से पूरे साल धन की बरकत बनी रहती है।

**कमल का फूल या तस्वीर**

कमल का फूल देवी लक्ष्मी और मां दुर्गा दोनों को प्रिय माना जाता है। नवरात्रि के दौरान घर में कमल का फूल लाना या कमल पर विराजमान मां लक्ष्मी की तस्वीर स्थापित करने से घर में सुख, शांति और समृद्धि का वातावरण बनता है।

**सोलह श्रृंगार की सामग्री**

नवरात्रि शक्ति की उपासना का पर्व है, इसलिए इस दौरान मां दुर्गा को श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करना विशेष फलदायी माना जाता है। लाल चुनरी, चूड़ियां, बिंदी और अन्य श्रृंगार की सामग्री लाकर देवी को ये वस्तुएं अर्पित करने से वैवाहिक जीवन में प्रेम और मधुरता बनी रहती है।

**पीतल या तांबे का कलश**

नवरात्रि में घटस्थापना के लिए नया कलश लाना भी शुभ माना जाता है। कई लोग मिट्टी के कलश का उपयोग करते हैं, लेकिन पीतल या तांबे का कलश भी पवित्रता और शुभता का प्रतीक माना जाता है। इसे घर लाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**मोर पंख**



मोर पंख देवी सरस्वती और भगवान कृष्ण का प्रतीक माना जाता है और इसे नकारात्मक ऊर्जा दूर रहती है। नवरात्रि से पहले तीन मोर पंख लाकर मंदिर या घर के मुख्य द्वार के पास रखने से वास्तु दोष कम होने की मान्यता है।

# मां दुर्गा के 9 स्वरूप और उनसे जुड़ी मान्यताएं, जानें नवरात्रि में उनकी पूजा का महत्व

हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व मां दुर्गा के नौ पवित्र स्वरूपों को समर्पित होता है। माना जाता है कि इस पावन समय में माता दुर्गा पृथ्वी पर आती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भी व्यक्ति सच्ची श्रद्धा और नियम के साथ नवरात्रि का व्रत रखता है और मां दुर्गा की आराधना करता है, उसके जीवन के दुख और कष्ट धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं। इन नौ दिनों के दौरान श्रद्धालु पूरे भक्ति भाव के साथ मां के अलग-अलग रूपों की पूजा-अर्चना करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं मां दुर्गा के नौ स्वरूपों के बारे में विस्तार से...

**पहला दिनः मां शैलपुत्री**

मां शैलपुत्री माता दुर्गा का पहला स्वरूप हैं, जिनकी पूजा नवरात्रि के पहले दिन की जाती है। वह पर्वतराज हिमालय की पुत्री मानी जाती हैं और देवी पार्वती के शुद्ध स्वरूप का प्रतीक हैं। मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उसे आध्यात्मिक शक्ति और आशीर्वाद प्राप्त होता है।

माता शैलपुत्री सफेद वस्त्र धारण करती हैं। उनके हाथ में त्रिशूल और कमल होता है और वह नंदी नामक बैल पर सवार रहती हैं।उनका प्रिय रंग नारंगी और प्रिय फूल गुड़हल माना जाता है। यह भी कहा जाता है कि वे पूरे ब्रह्मांड की सूक्ष्म ऊर्जा का प्रतीक हैं। उनका स्वरूप उस अवस्था को दर्शाता है, जब व्यक्ति अपने मन से भगवान के साथ आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करता है।

**दूसरा दिनः मां ब्रह्मचारिणी**

ब्रह्मचारिणी को माता दुर्गा का दूसरा रूप माना जाता है, जिसकी पूजा नवरात्रि के दूसरे दिन की जाती है। यह देवी पार्वती का वह स्वरूप है, जब उनका विवाह भगवान शिव से नहीं हुआ था। इस रूप में उन्होंने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कई वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। ब्रह्मचारिणी देवी सच्चे प्रेम, त्याग और समर्पण का प्रतीक मानी जाती हैं। भगवान शिव को पाने की उनकी इच्छा ने उन्हें हजारों वर्षों तक तप करने की शक्ति और दृढ़ता दी।

माता ब्रह्मचारिणी एक तपस्विनी कन्या के रूप में दिखाई देती हैं। वह नंगे पांव चलती हैं और उनके एक हाथ में जपमाला तथा दूसरे हाथ में कमंडल होता है। उनका सरल स्वरूप सादगी भरे जीवन, भक्ति, आत्मबल और ध्यान का प्रतीक है। उनका प्रिय रंग सफेद माना जाता है, जो शांति और पवित्रता का प्रतीक है। उनका प्रिय फूल गुलदाउदी है। वाराणसी के पंचगंगा घाट, घासी टोला में उनका एक प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है।

**तीसरा दिनः मां चंद्रघंटा**

देवी माता दुर्गा का तीसरा स्वरूप मां चंद्रघंटा हैं। शिव महापुराण के अनुसार, उन्हें भगवान शिव की शक्ति माना जाता है। भगवान का कोई भी स्वरूप शक्ति के बिना अधूरा माना जाता है। उन्हें आंतरिक शक्ति, शांति और साहस की देवी माना जाता है।

माता चंद्रघंटा लाल वस्त्र धारण करती हैं और बाघ पर सवार रहती हैं। उनके हाथों में तलवार, त्रिशूल और धनुष जैसे अस्त्र होते हैं। इन अस्त्रों से वह बुराई का नाश करती हैं और धर्म की रक्षा करती हैं। माता चंद्रघंटा को रणचंडी के नाम से भी जाना जाता है। उनका तीसरा नेत्र हमेशा जागृत रहता है, जो इस बात का संकेत है कि वह दुष्ट शक्तियों से लड़ने के लिए सदैव तैयार रहती हैं। उनके प्रिय रंग सुनहरा और पीला माने जाते हैं, जो साहस और दया का प्रतीक हैं। उन्हें गेंदा और सूरजमुखी के फूल अर्पित किए जाते हैं।

**चौथा दिनः मां कूष्मांडा**

माता दुर्गा का चौथा दिव्य स्वरूप मां कूष्मांडा हैं। मान्यता है कि उन्होंने अपनी दिव्य मुस्कान से इस सृष्टि की रचना की थी। माता कूष्मांडा जीवन, ऊर्जा और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। माना जाता है कि उनके भीतर से निकलने वाली दिव्य ऊर्जा ही पूरे ब्रह्मांड में जीवन का आधार बनती है। इसी ऊर्जा को प्राण ऊर्जा भी कहा जाता है, जो हर जीवित प्राणी में प्रवाहित होती है।

माता कूष्मांडा सिंह पर सवार रहती हैं और उनकी आठ भुजाएं होती हैं। उनके हाथों में अलग-अलग अस्त्र, जपमाला और अमृत से भरा कलश होता है। उनके हाथों में मौजूद ये वस्तुएं शक्ति, साहस और ऊर्जा का प्रतीक हैं। उनका प्रिय रंग रॉयल ब्लू माना जाता है, जो शक्ति और समृद्धि का प्रतीक है। नवरात्रि के दौरान भक्त उन्हें चमेली के सुगंधित फूल अर्पित करते हैं।

**पांचवा दिनः मां स्कंदमाता**

माता दुर्गा का पांचवां स्वरूप मां स्कंदमाता हैं, जिसकी पूजा नवरात्रि के पांचवें दिन की जाती है। उन्हें शक्ति और मातृत्व का प्रतीक माना जाता है। वह अपने भक्तों की एक मां की तरह रक्षा और पालन-पोषण करती हैं। मान्यता है कि जो भक्त स्कंदमाता की पूजा करता है, उसे माता के साथ-साथ भगवान कार्तिकेय का भी आशीर्वाद मिलता है। उन्हें सौभाग्य और समृद्धि देने वाली देवी माना जाता है।



माता स्कंदमाता सिंह पर सवार रहती हैं और अपनी गोद में पुत्र कार्तिकेय को धारण करती हैं। उनकी चार भुजाएं होती हैं। दो हाथों में वह कमल का फूल लिए रहती हैं और एक हाथ में अपने पुत्र को थामे रहती हैं। उनका प्रिय रंग पीला माना जाता है, जो मां के स्नेह और ममता का प्रतीक है। भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए पीले गुलाब अर्पित करते हैं।

**छठा दिनः मां कात्यायनी**

मां कात्यायनी को माता दुर्गा का छठा दिव्य स्वरूप माना जाता है, जिनकी पूजा नवरात्रि के छठे दिन की जाती है। यह माता दुर्गा के वीर और युद्ध करने वाले रूप को दर्शाता है। भद्रकाली और चंडिका को भी उनका शक्तिशाली स्वरूप माना जाता है। माता कात्यायनी उस अवस्था का प्रतीक हैं, जब व्यक्ति बिना किसी मोह या लगाव के जीवन को समझने लगता है। सरल शब्दों में यह आत्मज्ञान की स्थिति होती है, जब इंसान समझता है कि वह केवल शरीर नहीं बल्कि एक आत्मा है।

यह चेतना की वह अवस्था है, जब भीतर की ऊर्जा जागृत होकर अंतर्ज्ञान का रूप ले लेती है। यही माता कात्यायनी की दिव्य ऊर्जा मानी जाती है। उनका प्रिय रंग हरा माना जाता है, जो जीवन में संतुलन, विकास, शांति और सुकून का प्रतीक है। भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए गेंदा के फूल अर्पित करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

**सातवां दिनः मां कालरात्रि**

माता दुर्गा का सातवां स्वरूप मां कालरात्रि हैं, जिनकी पूजा नवरात्रि के सातवें दिन की जाती है। उनका यह स्वरूप बुराई और नकारात्मक शक्तियों के नाश का प्रतीक है। हालांकि वह अपने भक्तों और अच्छे लोगों के प्रति दयालु और कृपालु रहती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता कालरात्रि ने चंड और मुंड नामक राक्षसों का वध किया था। अपनी प्रचंड शक्ति के कारण उन्हें रात्रि भी कहा जाता है, जिसका अर्थ है मृत्यु की रात।

वह गधे पर सवार रहती हैं और उनके चार हाथ होते हैं। उनके हाथों में तलवार और वज्र होता है, जबकि अन्य हाथों से वह भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। माता कालरात्रि का रंग काला है, उनके बाल खुले और बिखरे होते हैं तथा उनका रूप काफी उग्र दिखाई देता है। उनका प्रिय रंग ग्रे माना जाता है, जो बुरी शक्तियों को नष्ट करने की शक्ति का प्रतीक है। भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए कृष्ण कमल के फूल अर्पित करते हैं।

**आठवां दिनः मां महागौरी**

माता दुर्गा का आठवां स्वरूप मां महागौरी हैं, जिनकी पूजा नवरात्रि के आठवें दिन की जाती है। हिंदू धर्म में माना जाता है कि वह अपने भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी करने की शक्ति रखती हैं। जो भक्त सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, उसे दुखों से मुक्ति मिलती है। माता महागौरी अपने भक्तों को ज्ञान, सफलता और जीवन में सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं।

माता महागौरी बैल पर सवार रहती हैं, जो पवित्रता का प्रतीक है। उनके हाथों में त्रिशूल और डमरू होता है, जबकि अन्य हाथ आशीर्वाद और सुरक्षा देने की मुद्रा में होते हैं। इसे वरद और अभय मुद्रा कहा जाता है। माता महागौरी पवित्रता, दया और करुणा का प्रतीक हैं। उनका प्रिय रंग बैंगनी माना जाता है, जो गरिमा और वैभव का प्रतीक है। उन्हें प्रसन्न करने के लिए मोगरा के सुंदर फूल अर्पित किए जाते हैं।

**नौवां दिनः मां सिद्धिदात्री**

मां सिद्धिदात्री माता दुर्गा का नौवां और अंतिम स्वरूप हैं, जिनकी पूजा नवरात्रि के आखिरी दिन की जाती है। देवता और मनुष्य दोनों उनकी आराधना करते हैं, क्योंकि वह अपने भक्तों को सिद्धियां और दिव्य शक्तियां देने वाली देवी मानी जाती हैं। यह वह अवस्था है, जब व्यक्ति योग और साधना के माध्यम से आध्यात्मिक अनुशासन प्राप्त करता है। माता सिद्धिदात्री को असंभव को संभव बनाने वाली देवी भी कहा जाता है। जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी पूजा करता है, वह अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर सफलता प्राप्त कर सकता है।

माता सिद्धिदात्री कमल के फूल या सिंह पर विराजमान रहती हैं। उनकी चार भुजाएं होती हैं और उनके हाथों में कमल, चक्र, गदा और शंख होते हैं। उनका प्रिय रंग मोरपंखी हरा माना जाता है, जो अज्ञान के अंत और ज्ञान की ओर बढ़ने का प्रतीक है। इन्हें प्रसन्न करने के लिए चंपा के फूल अर्पित किए जाते हैं। माता अपने भक्तों को उनके सच्चे प्रयासों का फल देती हैं।

## सलमान खान अभिनीत 'बैटल ऑफ गलवान' का नाम बदलकर 'मातृभूमि' रखा गया

**नयी दिल्ली :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने सोमवार को घोषणा की कि उनकी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवान का नाम बदलकर मातृभूमि कर दिया गया है। प्रतीक्षित फिल्म भारत और चीन के बीच 2020 में हुए गलवान घाटी संघर्ष पर आधारित है और इसका निर्देशन शूटआउट एट लोखंडवाला के लिए मशहूर अपूर्वा लखिया ने किया है। अभिनेता ने फिल्म के अचानक नाम बदलने का कोई कारण नहीं बताया। फिल्म का नया टैगलाइन है, मे वार रेस्ट इन पीस। यह नया शीर्षक संभवतः फिल्म के पहले गीत मातृभूमि से प्रेरित है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है। फिल्म के नए शीर्षक वाले पोस्टर के कैप्शन में सलमान ने लिखा, मे वार रेस्ट इन पीस। हैशटैग मातृभूमि।

## शराब घोटाला: केजरीवाल और सिसोदिया को सीबीआई की याचिका पर जवाब देने के लिए मिला समय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और 21 अन्य लोगों को आबकारी नीति मामले में दोषमुक्त किये जाने के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की याचिका पर जवाब देने के लिए समय दे दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अधीनस्थ न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई के लिए छह अप्रैल की तारीख तय की। न्यायाधीश ने पाया कि केजरीवाल और अन्य आरोपी सुनवाई के पहले दिन उपस्थित नहीं हुए और जब उन्हें अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा गया तो अब वे ऐसा करने के लिए और समय मांग रहे हैं।

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास दिल का दौरा पड़ने से सेना के एक जवान की मौत

**मेंढर/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर ड्यूटी के दौरान सेना के एक जवान की संदिग्ध रूप से दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि नायक तिलक सिंह कृष्णा घाटी सेक्टर के अग्रिम नांगी तकरी क्षेत्र में तैनात थे। सेना के 'व्हाइट नाइट कोर' ने जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '''व्हाइट नाइट कोर' वीर नायक तिलक सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। सिंह 15 मार्च को कृष्णा घाटी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर ड्यूटी करते समय बेहोश पाए गए थे। तत्काल चिकित्सा सहायता के बावजूद, वीर सैनिक को बचाया नहीं जा सका, उन्होंने कर्तव्य की राह में सर्वोच्च बलिदान दिया।''

## न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहा एअर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी के कारण आयरलैंड की ओर मोड़ा गया

**नयी दिल्ली :** न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के ए350 विमान को संदिग्ध तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह आयरलैंड के शैनन की ओर मोड़ दिया गया। सूत्रों के अनुसार, विमान में लगभग 300 लोग सवार थे और यह शैनन की ओर मोड़े जाने से पहले लगभग छह घंटे तक हवा में रहा। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ''15 मार्च को न्यूयॉर्क (जेएफके) से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान एआई 102 को संदिग्ध तकनीकी खराबी के बाद एहतियात के तौर पर शैनन, आयरलैंड की ओर मोड़ दिया गया।'

## न्यायालय पांच साल के बजाय चार साल के एलएलबी पाठ्यक्रम संबंधी याचिका पर सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय कानूनी शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने और कक्षा 12वीं के बाद पांच-वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम के बजाय चार-वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए एक विधि शिक्षा आयोग की स्थापना के संबंध में दायर याचिका पर अप्रैल में सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अधिवक्ता एवं जनहित याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत दलीलों पर गौर किया, जिन्होंने भारत में विधि अध्ययन के पाठ्यक्रम की समीक्षा और निर्धारण के लिए प्रख्यात न्यायविदों के एक आयोग के गठन का अनुरोध किया।

# भारत आज अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी में कर रहा निवेश : राजनाथ सिंह

**गांधीनगर :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यहां आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में भारत रक्षा और सुरक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है। सिंह ने कहा कि भारत आज अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी में निवेश कर रहा है, जिससे रक्षा समाधानों की परिकल्पना और विकास के तरीके में बदलाव आ रहा है। उन्होंने गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) में रक्षा अताशे के लिए आयोजित दो-दिवसीय गोलमेज सम्मेलन को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत मानता है कि प्रौद्योगिकी प्रगति अलग-थलग रहकर नहीं हो सकती। 'वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी परिदृश्य में आत्मनिर्भर भारत: नवाचार, निर्यात और संयुक्त प्रौद्योगिकी साझेदारी को गति देना' विषय पर आयोजित दो-दिवसीय सम्मेलन में अफ्रीका, एशिया, प्रशांत और कैरेबियन सहित 24 देशों के राजनयिक और रक्षा प्रतिनिधि शामिल हुए। सिंह ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा, ''पिछले एक दशक में, भारत रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में नवाचार के एक जीवंत केंद्र के रूप में उभरा है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना से प्रेरित होकर, हमारा दृष्टिकोण वैश्विक स्तर पर जुड़े रहते हुए आत्मनिर्भरता का निर्माण करना है।'' उन्होंने कहा, ''भारत आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मानवरहित प्रणालियों से लेकर अंतरिक्ष और उन्नत डिजिटल क्षमताओं तक, अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकी में निवेश कर रहा है, जिससे रक्षा समाधानों की परिकल्पना और विकास के तरीके में बदलाव आ रहा है।'' रक्षामंत्री ने रेखांकित किया कि प्रौद्योगिकी प्रगति अलग-थलग रहकर नहीं हो सकती और साइबर जगत से लेकर हाइब्रिड खतरों तक, युद्ध के बदलते स्वरूप से गहन अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता प्रतीत होती है।



# अगर ईरान अपना रुख बदले तो हम युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार: इजराइली दूत रूवेन अजार



**नयी दिल्ली :** भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने सोमवार को कहा कि 'अगर ईरान अपना रुख बदलता है तो हम युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हैं।' पश्चिम एशिया में ईरान तथा अमेरिका एवं इजराइल के बीच 17 दिनों से लड़ाई चल रही है। अजार ने यहां पत्रकारों से कहा कि पिछले कुछ दिनों में इजराइल ने अमेरिका तथा क्षेत्र के अन्य देशों में अपने साझेदारों के जरिए ''कूटनीतिक माध्यमों'' से बातचीत की । सोमवार को युद्ध के 17वें दिन इजराइल की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर अजार ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि पूर्ण रूप से जमीनी आक्रमण की कोई संभावना है।'' अजार ने यह भी कहा कि सैन्य कार्रवाई के माध्यम से, हमने ईरान की मिसाइल दागने की क्षमता को काफी हद तक कम कर दिया है। इजराइली राजदूत ने कहा, ''हम अब भी लॉन्चरों की तलाश कर रहे हैं... और शेष बची अन्य सैन्य क्षमताओं की भी, दूत ने कहा। अजार ने कहा, इस समय हम ईरान के हवाई क्षेत्र पर नियंत्रण कर रहे हैं। ईरान बेहद मुश्किल स्थिति में है। पश्चिम एशिया में संघर्ष की शुरुआत 28 फरवरी को हुई जब अमेरिका और इजराइल के गठबंधन ने ईरान पर हवाई हमले किए।

### नेतन्याहू के बारे में चिंता न करें, वह ठीक हैं

भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मौत की अफवाहों को सोमवार को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नेतन्याहू जीवित हैं।'' अजार ने दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इजराइल के एक कैफे में नेतन्याहू के दौरे का वीडियो ''एआई द्वारा निर्मित'' नहीं था, और इस दावे को ''भ्रामक सूचना' करार देते हुए खारिज कर दिया।

## केरल चुनाव : भाजपा ने 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, कूरियन, चंद्रशेखर एवं जॉर्ज के नाम शामिल

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केरल में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए सोमवार को 47 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्रियों राजीव चंद्रशेखर और वी मुरलीधरन को क्रमशः नेमम और कझाकुट्टम विधानसभा सीटों से उम्मीदवार बनाया है। भारतीय जनता पार्टी की सूची के अनुसार, पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कूरियन को कंजीरापल्ली निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा है जबकि पी सी जॉर्ज पूनजार विधानसभा सीट से किस्मत आजमाएंगे। इसमें कहा गया है कि आर श्रीलेखा वट्टियोरकावु और पद्मजा वेणुगोपाल प्रदेश के त्रिशूर सीट से उम्मीदवार होंगी। सूची में कहा गया है कि इसके अलावा राजी प्रसाद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कुन्नाथुर सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगी, जबकि आर रश्मि कोट्टारक्करा से चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने सोभा सुरेंद्रन को पलक्कड़ से, नव्या हरिदास को कोझिकोड उत्तर से और कविता केएस को सुल्तान बथेरी (आरक्षित) सीट से उम्मीदवार बनाया है। केरल में विधानसभा के लिये नौ अप्रैल को मतदान होगा जबकि मतों की गिनती चार मई को होगी।



# किश्तवाड़ में भारी बर्फबारी के बीच भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत, 235 लोगों को बचाया गया

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में एक जलविद्युत परियोजना स्थल के पास भूस्खलन में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। वहीं, जिले के ऊंचाई वाले सिंथन टॉप क्षेत्र में भारी बर्फबारी के बीच फंसे 230 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम को देखते हुए एहतियात के तौर पर किश्तवाड़ और उससे सटे डोडा जिले में नगरपालिका सीमा से बाहर स्थित सभी शैक्षणिक संस्थानों को सोमवार के लिए बंद रखने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात बारिश के कारण किश्तवाड़ जिले के डंगदुरु के पास एक जलविद्युत परियोजना स्थल पर भूस्खलन हो गया, जिसमें दो मजदूर मलबे में फंस गए। उन्होंने बताया कि बाद में उनमें से एक श्रमिक की मौत हो गयी जबकि दूसरे को घायल अवस्था में मलबे से बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।



## पिछले 11 साल में बैंकों ने 9.75 लाख करोड़ रुपये के ऋण बट्टे खाते में डाले :सरकार

**नयी दिल्ली :** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को बताया कि बैंकों ने पिछले 11 वित्त वर्षों में 9.75 लाख करोड़ रुपये के ऋण बट्टे खाते में डाले हैं। कर्जों को बट्टे खाते में डालने का यह आंकड़ा वित्त वर्ष 2019-20 में सबसे ज़्यादा 1.59 लाख करोड़ रुपये था, और उसके बाद से इसमें गिरावट आई है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर 47,568 करोड़ रुपये रह गया। चौधरी ने लोकसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि बैंकों ने वित्त वर्ष 2014-15 में 31,723 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 15-16 में 40,416 करोड़ रुपये, वित्त वर्ष 16-17 में 68,308 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 17-18 में 99,132 करोड़ रुपये के ऋण बट्टे खाते में डाले।

## पिछले साल आर्थिक धोखाधड़ी से वैश्विक अर्थव्यवस्था को 442 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान : इंटरपोल

**नयी दिल्ली :** वर्ष 2025 में आर्थिक धोखाधड़ी के जरिये वैश्विक अर्थव्यवस्था से 442 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की रकम निकाल ली गई। इंटरपोल ने सोमवार को जारी अपनी 2026 की वैश्विक आर्थिक धोखाधड़ी खतरा आकलन रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े वैश्विक जोखिम को कुल मिलाकर उच्च श्रेणी में रखा गया है। ल्योन मुख्यालय वाले वैश्विक पुलिस सहयोग संगठन 'इंटरपोल' ने कहा कि ठग अब 'एजेंटिक' कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो स्वायत्त रूप से पूरी धोखाधड़ी की योजना बना सकता है और उसे अंजाम दे सकता है, जिसमें प्रारंभिक जानकारी जुटाने से लेकर फिरौती की मांग तक शामिल है। सोमवार को जारी रिपोर्ट के दूसरे संस्करण में चेतावनी दी गई है कि एआई से सशक्त धोखाधड़ी पारंपरिक तरीकों की तुलना में 4.5 गुना अधिक खतरनाक है, क्योंकि एजेंटिक कृत्रिम मेधा प्रणाली अब स्वायत्त रूप से पूरी धोखाधड़ी अभियान की योजना बनाने और उसे क्रियान्वित करने में सक्षम हो गए हैं- जैसे जानकारी जुटाने से लेकर फिरौती की मांग तक- जिससे उनकी क्षमता कई गुना बढ़ जाती है।

## 176 विमानों में ''फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर'' नहीं हैं : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि विभिन्न विमानन कंपनियों द्वारा संचालित 176 विमानों में ''फ्लाइट डेटा'' या ''कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर'' नहीं हैं। नियमों के अनुसार, 5,700 किलोग्राम से कम भार वाले विमानों के लिए अनिवार्य रूप से ''कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर'' (सीवीआर) आवश्यक है, बशर्ते उन्हें एक जनवरी, 2016 के बाद उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ हो। नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि एक जनवरी, 2016 से पहले कुल 2,263 विमान पंजीकृत किए गए थे और उन्हें उड़ान योग्यता प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। मोहोल ने कहा कि विभिन्न परिचालकों द्वारा संचालित 176 विमान ऐसे हैं जिनमें ''फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर'' (एफडीआर) या ''कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर'' (सीवीआर) नहीं लगे हैं। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार के पास बिना ''कॉकपिट वॉयस'' और ''फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर'' वाले विमानों की संख्या के आंकड़े हैं? पिछले महीने झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त हुए करीब 40 साल पुराने बीचक्राफ्ट सी90ए विमान में ''कॉकपिट वॉयस'' या ''फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर'' नहीं था। उस दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी।

## यूएई में भाई की हिरासत के मामले में सेलिना जेटली की याचिका पर अदालत ने कार्यवाही बंद की

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को अभिनेत्री सेलिना जेटली के भाई विक्रांत जेटली की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में हिरासत से जुड़ी याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह सेवानिवृत्त मेजर (विक्रांत जेटली) को कानूनी सहायता प्रदान करना जारी रखे। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने इस बात पर गौर किया कि अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास विक्रांत जेटली की गिरफ्तारी के बाद से उनसे नौ बार मिल चुका है और हिरासत में लिए गए व्यक्ति ने कहा है कि उनके कानूनी प्रतिनिधित्व के संबंध में फैसला उनकी बहन को नहीं, बल्कि पत्नी को करना है। उन्होंने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा, अब आपके पास क्या अधिकार है? अदालत ने कहा, रिकॉर्ड में यह सामने आया है कि प्रतिवादी (विदेश मंत्रालय) जेटली के लगातार संपर्क में है। यह भी प्रतीत होता है कि जेटली को राजनयिक पहुंच प्रदान किया गया है। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास उनसे नौ बार बातचीत कर चुका है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, रिट याचिका को लंबित रखने का कोई कारण नहीं है। इसलिए इसका निपटारा किया जाता है। प्रतिवादी जेटली के संपर्क में बना रहेगा और कानून के तहत उपलब्ध सभी प्रकार की कानूनी सहायता प्रदान करेगा।



## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नोटिस में राहुल के असहमति नोट समेत कई बिंदुओं का उल्लेख

**नयी दिल्ली :** विपक्ष के एक नेता ने सोमवार को कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस में नियुक्ति प्रक्रिया से लेकर राहुल गांधी पर उनके सार्वजनिक हमले और हाल के चुनावों में वोटों में कथित हेरफेर के मामलों का उल्लेख किया गया है। बीते शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में प्रस्तुत किए गए नोटिस में कुमार को सीईसी के पद से हटाने का प्रस्ताव लाने की मांग की गई हैं। विपक्षी सांसदों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर नाराजगी जताई है और कई मौकों पर मतदाता सूची में कथित हेरफेर पर चिंता जताई है। विपक्षी नेता के अनुसार, लगभग 10 पृष्ठ वाले नोटिस में फरवरी, 2025 में राहुल गांधी द्वारा बतौर नेता प्रतिपक्ष प्रस्तुत एक असहमति नोट का जिक्र है। यह असहमति नोट ज्ञानेश कुमार को इस पद के लिए चुने जाने के खिलाफ दिया गया था। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी सीईसी की नियुक्ति करने वाली समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ सदस्य हैं। अपने असहमति नोट में राहुल गांधी ने कहा था, ''नए सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक है, जब समिति की संरचना और प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जा रही है और 48 घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है।

## कर्नाटक में 17,969 एकड़ वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण, ज्यादातर मुसलमानों ने किया: मंत्री खान



**बेंगलुरु :** कर्नाटक के वक्फ और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बी. जेड. जमीर अहमद खान ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि राज्य में 17,969 एकड़ वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण किया गया है, जिसमें से अधिकांश अतिक्रमण मुसलमानों ने किया है। मंत्री प्रश्नकाल के दौरान अफजलपुर से कांग्रेस विधायक एम वाई पाटिल के एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। खान ने कहा, ''राज्य में कुल वक्फ संपत्ति 1,12,860 एकड़ है, जिसमें से केवल 20,054 एकड़ हमारे पास है। 17,969 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है, 47,263 एकड़ भूमि इनाम उन्मूलन अधिनियम के अंतर्गत आ चुकी है और 23,627 एकड़ भूमि सुधार अधिनियम के अंतर्गत आ चुकी है।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने और उनके विभाग के मंत्री बनने के बाद अतिक्रमण हटाने के उद्देश्य से पूरे राज्य में वक्फ अदालतों का आयोजन किया गया। मंत्री ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि वक्फ की 1,12,860 एकड़ भूमि सरकार द्वारा नहीं, बल्कि निजी व्यक्तियों और संगठनों द्वारा समुदाय के कल्याण के लिए दी गई थी। उन्होंने यह भी कहा कि वक्फ संपत्ति पर अतिक्रमण ज्यादातर स्वयं मुस्लिम समुदाय द्वारा किया जाता है, न कि मंदिरों या अन्य समुदायों द्वारा।

## वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, दिव्यांगजनों के लिए रेल किराये में छूट बहाल करने की लोकसभा में उठी मांग

**नयी दिल्ली :** जनता दल (यूनाइटेड) के एक सांसद ने सोमवार को लोकसभा में सरकार से वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, दिव्यांगजनों और 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं एवं 55 साल से अधिक आयु के पुरूषों के लिए रेल किराये में छूट को बहाल करने की मांग की। इन वर्गों के लिए ट्रेन किराये में यह छूट कोविड-19 महामारी के दौरान रेल मंत्रालय ने बंद कर दी थी। जद(यू) के कौशलेंद्र कुमार ने वर्ष 2026-27 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कोरोना महामारी के बाद ट्रेनों में 'थ्री टियर', 'स्लीपर' डिब्बों की संख्या आधी कर दी गई थी, जिन्हें बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने अनुदान की मांगों का समर्थन करते हुए उल्लेख किया कि वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, दिव्यांगजनों तथा 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं और 55 साल से अधिक आयु के पुरुषों के लिए कोविड-19 महामारी से पहले किराया कम था। उन्होंने रेल मंत्री से मांग की, ''इन वर्गों को रेल किराये में (कोविड-19 महामारी से पहले) जो छूट दी जाती थी, उसे फिर से शुरू करने पर विचार करने की जरूरत है।'' तृणमूल कांग्रेस की सांसद जून मालिआ ने भी रेल किराये में यह छूट बहाल करने की मांग की। कांग्रेस के बेनी बेहनान ने कहा कि कोरोना काल के दौरान ट्रेनों के कई ठहराव (स्टोपेज) बंद कर दिये गए थे, जिन्हें अब तक फिर से शुरू नहीं किया गया है। उन्होंने इन ठहराव को बहाल करने की मांग की।

## व्यापार समझौते के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, 90 लोग हिरासत में लिये गए

**नयी दिल्ली :** भारतीय युवा कांग्रेस ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि इस समझौते से किसानों, श्रमिकों और छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ता जंतर-मंतर से 'संसद घेराव' करने के लिए आगे बढ़े, हालांकि पुलिस ने उन्हें रोक दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि कम से कम 90 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया, क्योंकि उन्होंने संसद की ओर मार्च करने का प्रयास किया था। बाद में सभी को रिहा कर दिया जाएगा। युवा कांग्रेस के सदस्यों ने दावा किया है कि हिरासत में लिये जाने के बाद, उन्हें जिस बस में ले जाया जा रहा था, उसकी सीएनजी बीच रास्ते में खत्म हो गई, जिसके बाद उन्हें बीच में ही छोड़ दिया गया। इस विरोध प्रदर्शन से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं- रणदीप सिंह सुरजेवाला, सचिन पायलट जी और अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग- ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। चिब ने कहा, ''अमेरिका के साथ व्यवार समझौता दबाव का परिणाम है।''



# यह सोच बदलनी होगी कि हरियाली की जरूरत सिर्फ दिल्ली को है : उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली रिज से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सोच बदलनी होगी कि केवल राष्ट्रीय राजधानी को ही हरियाली की जरूरत है और अन्य राज्यों पर इसका कम असर पड़ता है। अरावली पर्वत श्रृंखला का ही एक विस्तार रिज दिल्ली में स्थित है और यह एक पथरीला, पहाड़ी और वन क्षेत्र है। प्रशासनिक कारणों से इसे चार क्षेत्रों दक्षिण, दक्षिण-मध्य, मध्य और उत्तर में विभाजित किया गया है जो लगभग 7,784 हेक्टेयर क्षेत्र में फैले हुए हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने टिप्पणी की कि हरित आवरण के मुद्दे पर एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। पीठ ने कहा, हमें यह सोच बदलने की जरूरत है कि राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते केवल दिल्ली को हरियाली की जरूरत है और बाकी शहरों को नहीं। इस मामले में अदालत की सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने उच्चतम न्यायालय के 11 नवंबर के फैसले का हवाला दिया, जिसमें केंद्र को दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड (डीआरएमबी) को वैधानिक दर्जा देने और इसे रिज और 'मॉर्फोलॉजिकल रिज' से संबंधित सभी मामलों के लिए एकल-खिड़की प्राधिकरण बनाने का निर्देश दिया गया था। तब न्यायालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3(3) के तहत औपचारिक रूप से डीआरएमबी का गठन करने का निर्देश दिया था। सोमवार को सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश हुए वकील ने कहा कि पिछले साल एक दिसंबर को डीआरएमबी के गठन के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी।



# परिसीमन से पहले महिला आरक्षण लागू करने के लिए सरकार अधिनियम में कर सकती है संशोधन

**नयी दिल्ली :** देश में परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने से पहले महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के उद्देश्य से, सरकार द्वारा संसद के मौजूदा बजट सत्र में कानून में संशोधन के लिए एक विधेयक लाये जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि संसद में संविधान संशोधन विधेयक को सुचारू रूप से पारित कराने के लिए विपक्ष से संपर्क किया गया है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित विधेयक को अभी तक केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी नहीं मिली है। सूत्रों ने बताया कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि मंत्रिमंडल से मंजूरी मिलने के बाद विधेयक को संभवतः अगले सप्ताह राज्यसभा में पेश किया जाएगा। महिला आरक्षण अधिनियम संसद द्वारा 2023 में पारित किया गया था। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने का प्रावधान संविधान में संशोधन करके किया गया था, लेकिन यह परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा। सूत्रों ने इस बात पर जोर दिया कि परिसीमन या निर्वाचन क्षेत्र सीमा निर्धारण आयोग एक ''तटस्थ'' निकाय है, जिसे लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है, और इसके निर्णयों को उच्चतम न्यायालय में भी चुनौती नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एक निष्पक्ष निकाय परिसीमन प्रक्रिया में विश्वास पैदा करेगा। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है, लेकिन इसे अखिल भारतीय परिसीमन प्रक्रिया संचालित करने का दायित्व नहीं दिया जा सकता। एक अधिकारी ने बताया, ''अधिकतम, यह एक या कुछ राज्यों का परिसीमन कर सकता है, जैसा कि इसने हाल ही में असम में किया है।'' वर्ष 1990 के दशक के मध्य में, गीता मुखर्जी समिति ने सभी निर्वाचन क्षेत्रों में समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए चुनावों में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के 'रोटेशन' का सुझाव दिया था। इस सिफारिश के तहत, प्रत्येक आम चुनाव के बाद आरक्षित सीटों का 'रोटेशन' किया जाएगा। यह चक्रीय व्यवस्था इस प्रकार बनाई गई थी कि तीन आम चुनावों के बाद, लोकसभा और विधानसभाओं के सभी निर्वाचन क्षेत्र कम से कम एक बार महिलाओं के लिए आरक्षित हो चुका होगा। हालांकि, पारित कानून में सीटों के लिए 'रोटेशन' के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक को अपनी मंजूरी दी थी।

